मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, रायगड़, उल्हासनगर, कल्याण एवं अंबरनाथ का
लोकप्रिय हिंदी दैनिक

# उल्हास विकास

वर्ष : 45 | अंक : 227 | गुरुवार 4 दिसंबर 2025 | 3 रुपए | पृष्ठ 4

FOLLOW US @ulhasvikas ulhasvikas@gmail.com Google Play
GET IT ON ULHAS VIKAS Google Play | Subscribe to our ULHAS VIKAS YouTube Channel | Subscribe

संपादक - हीरो अशोक बोधा BMM, L.L.B., M.A.
Mobile.:- 9822045566
epaper.ulhasvikas.com




पृष्ठ.. 4 पर पढ़ें..
श्रद्धा कपूर ने राहुल मोदी को हाथों से खिलाई जापानी डिश

# नपा चुनाव स्थगित से गणित बिगड़ेगा!

यूसुफ शेख

**अंबरनाथ.** अंबरनाथ नगरपालिका के चुनाव जो 2 दिसंबर 2025 को होने थे, वो आगे ढकेले देने से शहर की राजनीति में भूचाल आ गया है। चुनाव स्थगित होने से जो गणित चुनाव प्रचार के दौरान दिख रहा था वो गणित में भारी बदलाव देखने को मिल सकता है क्योंकि चुनाव प्रचार के लिए जो कम समय पार्टियों को मिला था वो एक तरह से बढ़ गया है, जिस कारण बड़े नहीं तो छोटे गणित जरूर बिगड़ जाएंगे। शिवसेना-भाजपा में भी आरोप-प्रत्यारोप का सिलसिला जोर पकड़ रहा है इसका फायदा किसे मिलेगा यह तो चुनाव के दौरान और परिणामों में सामने आ जाएगा। फिलहाल चुनावी माहौल आज फिरसे गर्म होने की पूरी-पूरी उम्मीद है।

## सुधारित कार्यक्रम की आज घोषणा

आज 4 दिसंबर को जिलाधिकारी चुनाव कार्यक्रम जारी करने वाले हैं. जिस पर सबकी नजर लगी हुई है. शहर में लोगों एवं उम्मीदवारों में ये संभ्रम है कि क्या सभी के लिए चुनाव कार्यक्रम दोबारा जारी किए जाएंगे? लेकिन ऐसा नहीं है. राज्य चुनाव आयोग ने 29 नवंबर को ही एक पत्र जारी किया है, जिसमें कहा गया है कि जिन उम्मीदवारों ने छाननी के बाद न्यायालय में अपील दायर किया था और जिनको चार कारणों से नगर परिषद व नगर पंचायती चुनाव में बाधित होना पड़ा है, उनके लिए सुधारित कार्यक्रम 4 दिसंबर को जारी किए जाएंगे. नामांकन पीछे लेने की अंतिम तारीख 10 दिसंबर रखी गई है. चुनाव चिह्न देना और चुनाव लड़ने वालों की अंतिम सूची प्रसिद्ध की जाएगी. 20 दिसंबर को सुबह 7.30 बजे से शाम 5.30 बजे तक मतदान किया जाएगा. 21 दिसंबर को सुबह 10 बजे से मतगणना की जाएगी. जैसा की पहले बताया जा चुका है कि अंबरनाथ पश्चिम के महात्मा गांधी विद्यालय में मतगणना की जाएगी. नतीजे दोपहर बाद आने की संभावना है. मतगणना के कारण केबी सड़क सुबह 6 से रात 8 बजे तक बंद करके ट्रैफिक में बदलाव किया गया है. 5 दिसंबर से चुनाव की सरगर्मियां फिर से शुरू हो जाएंगी.




# अंबरनाथ बुवापाड़ा में 3 लोगों ने बाइक को लगा दी आग

**दोषियों पर कार्रवाई की जाए - प्रमोद कुमार चौबे**

उल्हास विकास संवाददाता

**अंबरनाथ.** अंबरनाथ बुवापाड़ा में एक महिला की बाइक 3 लोगों ने मिलकर ज्वलनशील केमिकल डालकर पूरी तरह जला दी. पास खड़ी दूसरी बाइक भी जल गई है. इस गंभीर घटना पर उत्तर भारतीय शिवसेना शहर अध्यक्ष प्रमोद कुमार चौबे ने इसे एक गंभीर मामला करार देते हुए दोषियों पर कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है.

बुवापाड़ा शारदा चौक निवासी शिक्षण व्यवसायी अबु तलहा शाह (23) ने पुलिस को बताया कि 2 दिसंबर मंगलवार दोपहर 1.40 बजे उसके घर के सामने खड़ी यामहा की ग्रे रंग की बाइक (क्र. एमएच 05 एफआर 9845) को एक महिला गुडिया, जयेंद्र उर्फ डुग्गु सज्जय यादव और अभिषेक ने मिलकर किसी अज्ञात कारण से ज्वलनशील पदार्थ डालकर उसे आग लगा दिया. जिसके कारण उनका बाइक पूरी तरह जलकर खाक हो गई और काले रंग की पल्सर बाइक नं. एमएच 05 एफएल 3640 की खोपड़ी भी जल गई. कुल 1 लाख 25 हजार रुपयों का नुकसान हुआ है. ऐसा अबु तलहा शाह ने पुलिस में अपराध दर्ज कराया है.



अबु तलहा ने पत्रकारों को बताया कि परिसर के निवासियों ने उनका जीना मुश्किल कर दिया है. बार-बार वह उससे झगड़ा करते हैं ताकि वह घर छोड़ कर चली जाए. इसी कड़ी में उसकी बाइक को जलाया गया है. पुलिस ने 3 लोगों के खिलाफ अपराध दर्ज कर लिया है. जांच सपोनि सुप्रिया देशमुख कर रही हैं.

## हरिहर कॉम्प्लेक्स गोदाम में लगी भीषण आग

**भिवंडी.** भिवंडी तालुका से आग की बड़ी घटना सामने आई है। जहां दापोडा स्थित हरिहर कॉम्प्लेक्स के वेयरहाउस में देर रात भीषण आग लग गई। आग लगने से पूरे परिसर में अफरा-तफरी मच गई। घटना की सूचना मिलते ही दमकल विभाग की कई गाड़ियां मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाने में जुट गईं। इस घटना से गोदाम में भारी नुकसान की आशंका है। हालांकि किसी जनहानि की अभी कोई सूचना नहीं है। हरिहर कॉम्प्लेक्स की बिल्डिंग देर रात नंबर A-3 की पहली मंजिल पर स्थित गाला नंबर 112, 113 और 114 में रेडीमेड कपड़ों के गोदाम में अचानक भीषण आग लग गई।

# बदलापुर नपा चुनाव में 58.10% वोटिंग

## वार्ड 15 में सबसे कम 47.91% मतदान

**बदलापुर.** मंगलवार को कुलगांव-बदलापुर नगर परिषद के आम चुनावों में कुल 58.10 परसेंट वोटिंग हुई; हालांकि, जिन वार्डों में चुनाव स्थगित हुए, वहां वोटरों में काफी कन्फ्यूजन था, जिससे उन जगहों पर वोटिंग पर बुरा असर पड़ा।

पोस्टपोन हुए वार्डों में वोटरों को बार-बार बदलती जानकारी, पोलिंग स्टेशनों पर कन्फ्यूजन और मैनेजमेंट में गलतियों से काफी परेशानी हुई। पोलिंग स्टेशनों में फेरबदल, वोटर लिस्ट चेक करने में देरी, स्थगित हुए वार्डों में चुनाव होंगे या नहीं, इस बारे में आखिर तक कन्फ्यूजन ने वोटिंग पर असर डाला। इसलिए, दूसरे वार्ड के मुकाबले, सबसे कम वोटिंग सिर्फ़ 47.91 परसेंट रही, जो टाले गए वार्ड नंबर 15 में हुई। बदलापुर नगर पालिका चुनाव में कुल दो लाख 25 हज़ार 355 वोटरों में से एक लाख 30 हज़ार 926 वोटरों ने अपने वोट डाले। इसमें पुरुषों की संख्या 68,257 और महिलाओं की संख्या 62,667 थी।

सुबह से शाम तक वार्ड नंबर दो में सबसे ज़्यादा वोटिंग हुई, जिसमें अच्छा रिस्पॉन्स दिखा। हालांकि बढ़ती आबादी के मुकाबले कुल वोटर टर्नआउट स्थिर रहा, लेकिन वार्ड के हिसाब से असंतुलन साफ़ महसूस हुआ।

**प्रभाग निहाय परसेंटेज**

| | | |
|---|---|---|
| वार्ड नंबर 2 | 69.28 | सर्वाधिक मतदान |
| वार्ड नंबर 23 | 65.79 | संतोषजनक |
| वार्ड नंबर 20 | 63.27 | संतोषजनक |
| वार्ड नंबर 1 | 62.66 | संतोषजनक |
| वार्ड नंबर 7 | 51.23 | कम मतदान |
| वार्ड नंबर 15 | 47.91 | सबसे कम मतदान (स्थगित वार्ड) |

### सुधार की ज़रूरत

कुछ वार्ड में पुरुष-महिला वोटिंग में भी बड़ा असंतुलन देखा गया, जहाँ पुरुषों का वोटिंग रेट तुलनात्मक रूप से ज़्यादा था। आने वाले चुनावों में वोटरों के कन्फ्यूजन, मैनेजमेंट में गलतियों और पैनल तरीके की वजह से सही गाइडेंस की कमी के कारण, शहर में यह महसूस हो रहा है कि चुनाव आयोग को जानकारी देने के प्रोसेस और मैनेजमेंट में सुधार करने की ज़रूरत है। वार्ड के हिसाब से बदलाव

# स्ट्रॉन्ग रूम में EVM 18 दिनों तक कड़ी सुरक्षा में बंद!

- पार्टी के प्रतिनिधि भी रखेंगे नजर
- पुलिस की कड़ी सुरक्षा व्यवस्था

**बदलापुर.** बदलापुर नगर परिषद चुनाव के लिए मंगलवार (तारीख 2) को हुई वोटिंग के बाद, सभी EVM मशीनें पूरी सुरक्षा के साथ आदर्श स्कूल के स्ट्रॉन्ग रूम में जमा कर दी गई हैं। वोटों की गिनती की तारीख आगे बढ़ा दी गई है, इसलिए इन बैलेट बॉक्स को 18 दिनों के लिए कड़ी सुरक्षा में रखा गया है। कुल 619 मशीनों को इस कड़ी सुरक्षा व्यवस्था में रखा गया है, और पूरे इलाके में 12 CCTV कैमरे लगाए गए हैं और 24 घंटे उन पर नज़र रखी जा रही है। स्ट्रॉन्ग रूम के चारों ओर भारी पुलिस बल तैनात किया गया है। इसलिए, बिना इजाज़त के किसी को भी इलाके में आने की इजाज़त नहीं होगी। प्रशासन ने कहा है कि मशीनों को सील करने के बाद, उन्हें नियमों के अनुसार तय जगह पर रखते हुए वीडियो रिकॉर्डिंग की निगरानी में सभी प्रोसेस पूरे किए गए हैं।



फाइल फोटो

बदलापुर के बाकी पांच वार्डों में 20 दिसंबर को वोटिंग होगी। कोर्ट ने मंगलवार को हुई वोटों की गिनती और 20 दिसंबर को होने वाली वोटिंग को एक ही दिन पूरा करने का ऑर्डर दिया है. पूरे बदलापुर शहर की 49 सीटों पर वोटों की गिनती 21 दिसंबर को पूरी होगी। चूंकि 21 दिसंबर तक 18 दिनों का समय बहुत लंबा है। तब तक, बैलेट बॉक्स को सुरक्षित रखना एडमिनिस्ट्रेशन की ज़िम्मेदारी है, और इसी के हिसाब से इलेक्शन कमीशन और एडमिनिस्ट्रेशन ने साफ किया है कि उन्होंने पूरा ध्यान रखा है।

### थ्री-टियर सिक्योरिटी सिस्टम

EVM मशीनें वोटों की गिनती तक करीब 18 दिनों तक कड़े सिक्योरिटी इंतज़ाम के बीच स्ट्रॉन्ग रूम में रहेंगी। सिक्योरिटी स्ट्रक्चर में SRPF टीम, 18 शिफ्ट में तैनात लोकल पुलिस फोर्स और एंट्रेंस पर एक्स्ट्रा गार्ड की थ्री-टियर व्यवस्था है। इस दौरान, अलग-अलग पॉलिटिकल पार्टियों के ऑफिशियल रिप्रेजेंटेटिव भी नियमों के मुताबिक सुपरविज़न के लिए मौजूद रह सकेंगे।

### सख्त कदम

इस स्ट्रांग रूम में कुल 619 वोटिंग मशीनें सील करके रखी गई हैं। वोटरों का भरोसा बनाए रखने और वोटों की गिनती तक चुनाव प्रक्रिया की ट्रांसपेरेंसी बनाए रखने के लिए प्रशासन ने बहुत सख्त कदम उठाए हैं। पूरे इलाके में 12 CCTV कैमरे लगाए जा रहे हैं और 24 घंटे उन पर नज़र रखी जा रही है।

### प्रवेश निषिद्ध

स्ट्रॉन्ग रूम के चारों ओर पुलिस की कड़ी मौजूदगी है और किसी को भी गैर-कानूनी तरीके से इलाके में घुसने नहीं दिया जाएगा। प्रशासन ने साफ किया है कि EVM मशीनों को सील करने और उन्हें तय एरिया में रखने का पूरा प्रोसेस वीडियो रिकॉर्डिंग की निगरानी में पूरा किया गया है।

# ट्रेन के दिव्यांग डिब्बे में महिला से छेड़छाड़

- पुलिस ने दो लोगों को हिरासत में लिया
- ठाणे से उल्हासनगर आ रही थी ट्रेन
- महिला उल्हासनगर निवासी है
- महिलाओं की सुरक्षा का मुद्दा फिर उठा

**उल्हासनगर.** एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है जिसमें ठाणे से उल्हासनगर जाने वाली लोकल ट्रेन में सफर कर रही एक 26 साल की महिला के साथ दिव्यांग डिब्बे में छेड़छाड़ की गई। यह घटना 2 दिसंबर को रात करीब 8.15 बजे हुई। शिकायतकर्ता उल्हासनगर की रहने वाली है और ठाणे से काम के लिए लौट रही थी। डोंबिवली स्टेशन से निकलने के बाद, आरोपी अनूप सुरेंद्र सिंह और अभिलाष अर्जुन नायर की शिकायतकर्ता से दिव्यांग पास को लेकर बहस हो गई। बहस बढ़ने पर महिला ने आरोप लगाया कि दोनों आरोपी महिला पर चढ़ गए और उसका हाथ पकड़कर उसके साथ छेड़छाड़ की। बाद में, महिला और दोनों आरोपी उल्हासनगर में उतरे, तभी महिला कुछ चश्मदीदों और आरोपियों के बीच बड़ी बहस हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही रेलवे पुलिस मौके पर पहुंच गई। फिर कुछ महिलाओं ने अपनी सुरक्षा और आरोपियों की कस्टडी को लेकर पुलिस से बहस की। घटना को बढ़ने से रोकने के लिए पुलिस ने आरोपियों को एक कमरे में बंद कर दिया। कुछ देर बाद जब मामला शांत हो गया, तो पुलिस आरोपियों को कल्याण रेलवे पुलिस स्टेशन ले गई। शिकायतकर्ता की शिकायत के आधार पर सेक्शन 74, BNS के तहत केस दर्ज किया गया है और कल्याण रेलवे पुलिस स्टेशन के ऑफिसर-इन-चार्ज पंढरी कांडे के मार्गदर्शन में दोनों आरोपियों को हिरासत में लेकर गिरफ्तार कर लिया गया है। इस घटना से महिलाओं में डर का माहौल बन गया है और रेलवे यात्रा में सुरक्षा का मुद्दा एक बार फिर सामने आ गया है।




## पादचारी पुल बनाने की भाजपा ने की मांग

**कल्याण.** BJP के नए मंडल कल्याण शहर की वाइस प्रेसिडेंट पुष्पा रत्नपारखी ने मनपा सिटी इंजीनियर अनीता परदेशी को लेटर लिखकर योगीधाम इलाके से शहाड़ स्टेशन रोड तक पैदल चलने वालों के लिए पुल बनाने की मांग की है।

कल्याण वेस्ट के घोलप नगर, योगीधाम, कैलाश गार्डन, गुरु आत्मान इलाकों में बड़ी संख्या में बिल्डिंग बन गई हैं, जिससे ट्रैफिक बढ़ गया है। इस इलाके से मुरबाड और शहाड़ जाने के लिए अभी एक फ्लाईओवर है, जिस पर भारी गाड़ियां, लंबी दूरी की बसें, छोटी कारें और टू-व्हीलर बड़ी संख्या में चलते हैं। रेल यात्री, स्कूली बच्चे, सीनियर सिटिजन, कर्मचारी और दूसरे नागरिक इस बिज़ी पुल से शहाड़ स्टेशन तक पैदल जाते हैं। सिर्फ एक पैदल चलने वालों के लिए पुल होने की वजह से इलाके में बहुत जाम रहता है। पुष्पा रत्नपारखी ने कहा है कि एक और पैदल चलने वालों के लिए पुल बनाना ज़रूरी है। अमृत धाम से शहाड़ तक, अंबर होटल या D.Ed कॉलेज के पास या जहाँ भी हो सके, इस ब्रिज पर विचार किया जा सकता है। अगर यह पैदल चलने वालों का ब्रिज बनता है, तो शहाड़ और कल्याण वेस्ट के इलाके जुड़ जाएँगे, पुष्पा रत्नपारखी ने बताया।

# अंबरनाथ फातिमा चर्च, सुभाषवाड़ी परिसर में पानी के लिए लोग परेशान

## 5 दिसंबर को आंदोलन की धमकी

**अंबरनाथ.** इस चुनाव के समय में भी अंबरनाथ में पानी एक दिन बाद दिए जाने के कारण शहरवासी रोष में हैं और चुनाव में भी आंदोलन किए जाने का निवेदन मजीप्रा के अधिकारियों को दिया जा रहा है.

शहर पश्चिम के फातिमा चर्च के पीछे, फातिमा कालोनी परिसर, साउथ इंडियन स्कूल के समक्ष, काव्या, लंबोदर डॉली विला, ओम साई सलोम अपार्टमेंट व अन्य परिसर में एक दिन बाद और कम दबाव से जलापूर्ति की जा रही है. सुभाषवाड़ी वांद्रा पाड़ा में रात 10.30 बजे के बाद मजीप्रा द्वारा पानी दिया जा रहा है. शिवसेना के विकास हेमराज सोमेश्वर ने मजीप्रा के कार्यकारी अभियंता को पत्र देकर मांग की है कि उपरोक्त परिसर में रोजाना पानी दिया जाए. इस समस्या का हल जल्द निकाला जाए, नहीं तो मजीप्रा कार्यालय के समक्ष 5 दिसंबर को धरने आंदोलन किए जाएंगे.

परिसर के लोगों ने बताया कि वह कई दिनों से पानी के लिए परेशान हैं और मजीप्रा के अधिकारियों के कान पर जूं तक नहीं रेंगती है. वह सभी विकास सोमेश्वर के नेतृत्व में आंदोलन के लिए तैयार हैं. मजीप्रा यहां के निवासियों की इस गंभीर समस्या का हल जल्द निकालेगी ऐसी आशा की जा रही है.






# मनपा परिवहन बस में सामने आई लापरवाही

## कॉन्ट्रैक्टर के खिलाफ एक्शन

**उल्हासनगर.** उल्हासनगर मनपा प्रशासन अब कागजी कार्रवाई से आगे बढ़कर फील्ड में उतर गया है। पैसेंजर्स को अच्छी, सेफ और साफ-सुथरी बस सर्विस मिले, यह पक्का करने के लिए अतिरिक्त आयुक्त डॉ. धीरज चव्हाण खुद बस में चढ़े, टिकट निकाला और आम पैसेंजर्स के साथ सफर किया। इसका सीधा नतीजा यह हुआ कि कॉन्ट्रैक्टर के खिलाफ कार्रवाई की गई और नोटिस जारी किया गया। चर्चा है कि इस कार्रवाई की वजह से मनपा प्रशासन ने ट्रांसपोर्ट सिस्टम में अनुशासन लागू करने का कैंपेन शुरू कर दिया है।

म्युनिसिपल ट्रांसपोर्ट सर्विस में लोगों की रोज़ाना की दिक्कतों को अपनी आंखों से देखने के मकसद से, मनपा आयुक्त मनीषा अव्हाले के मार्गदर्शन में अतिरिक्त आयुक्त डॉ. धीरज चव्हाण ने सोमवार को रूट नंबर 101 शहाड रेलवे स्टेशन से कैलाश कॉलोनी (वाया श्रीराम चौक) तक बस रूट पर सफर किया।

चूंकि एडमिनिस्ट्रेशन के बड़े अधिकारी बस में सफर कर रहे थे और लोगों से बातचीत कर रहे थे, इसलिए पैसेंजर्स में खास उत्सुकता थी। प्रशासन का साफ़ स्टैंड है कि 'लोगों की सुरक्षा और सुविधा से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। अगर सर्विस में लापरवाही हुई तो तुरंत एक्शन लिया जाएगा,' एडिशनल कमिश्नर डॉ. धीरज चव्हाण ने साफ़ इशारा दिया है। आगे भी, मनपा प्रशासन हर बस में सुरक्षा, सफ़ाई और पैसेंजर सुविधाओं को स्टैंडर्ड लेवल पर बनाए रखने का ध्यान रखेगा।

### बस में गंभीर गलतियाँ

- बस में उम्मीद के मुताबिक सफ़ाई नहीं थी
- नेमप्लेट बंद हालत में थी, जिससे पैसेंजर को रूट की जानकारी नहीं मिल पा रही थी
- फ़ायर सेफ़्टी का ध्यान नहीं रखा जा रहा था
- मनपा ने लापरवाही का संकेत मानते हुए तुरंत एक्शन लिया। संबंधित डिपार्टमेंट को सभी गलतियों को तुरंत ठीक करने का आदेश दिया गया है और कॉन्ट्रैक्टर के ख़िलाफ़ सज़ा देने वाला नोटिस जारी किया गया है।






# शहाड स्टेशन से मुरबाड तक बस सेवा शुरू करने की मांग

**उल्हासनगर.** मुरबाड तालुका और आस-पास के इलाकों के यात्रियों की ओर से उल्हासनगर मनपा द्वारा शहाड रेलवे स्टेशन से मुरबाड के लिए बस सर्विस शुरू करने की मांग ज़ोर पकड़ रही है। अभी मुरबाड-कल्याण रूट पर ST बसों की कमी के कारण लोगों को बहुत परेशानी हो रही है।

मुरबाड और कल्याण आगार से रोज़ाना बड़ी संख्या में यात्री सफ़र करते हैं। यात्रियों की शिकायत है कि काम और बिज़नेस के लिए इस रूट पर सैकड़ों यात्री सफ़र करते हैं, फिर भी ST बसें काफ़ी नहीं हैं। इस वजह से यात्रियों को समय पर अपने काम की जगह पर पहुँचने के लिए काली-पीली इको बसों, प्राइवेट कारों या दूसरे महंगे ऑप्शन का इस्तेमाल करने के लिए मजबूर होना पड़ता है। तालुका पैसेंजर एसोसिएशन के पूर्व प्रेसिडेंट ज्ञानेश्वर मुरबादे ने कहा कि इससे स्टेट ट्रांसपोर्ट कॉर्पोरेशन को हर दिन हज़ारों रुपये का नुकसान हो रहा है।



अभी उल्हासनगर म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन द्वारा शहाड-टिटवाला रूट पर बस सर्विस चल रही है। इससे ग्रामीण इलाकों के यात्रियों को बहुत फ़ायदा हुआ है। अगर इसी आधार पर शहाड से मुरबाड के लिए बसें शुरू की जाती हैं, तो कल्याण तालुका के मामनोली तक का सफ़र आसान हो जाएगा। अगर बस को आगे मुरबाद तक ले जाया जाता है, तो पूरे मुरबाद तालुका को बड़ी राहत मिलेगी। यात्रियों का समय और पैसा दोनों बचेगा। दूसरी ओर, ST पर दबाव भी कम होगा।

> अगर स्टेट ट्रांसपोर्ट कॉर्पोरेशन शहाड़ रेलवे स्टेशन से मुरबाड रूट पर नई बस शुरू करता है, तो यात्री जल्दी शहाड़ पहुंच सकेंगे। वहां से लोकल ट्रेन से कल्याण, ठाणे, मुंबई या आसनगांव, कसारा जा सकेंगे। इससे समय और आने-जाने का किराया बचेगा। इसलिए, यात्री इस रूट पर बस सर्विस शुरू करने की मांग कर रहे हैं।
>
> -मुरबाड तालुका पैसेंजर एसोसिएशन

**जैसे पके हुए फलों को गिरने के सिवा कोई भय नहीं वैसे ही पैदा हुए मनुष्य को मृत्यु के सिवा कोई भय नहीं. – वाल्मीकि**

उल्हास विकास लोकप्रिय हिंदी दैनिक

संपादकीय

## कई प्रजातियों का विलुप्त होना

पिछले कुछ समय के दौरान सार्वजनिक बसों के हादसे के कई मामले सामने आए, जिनमें आग लगने से यात्री जिंदा जल गए। ऐसी घटनाओं को हादसा मान कर ही देखा गया और सरकार ने इनकी जांच कराने और हताहतों या उनके परिजनों को मुआवजा देने की घोषणा करके औपचारिकता पूरी कर ली। मगर जब एक ही तरह की दुर्घटनाएं लगातार होने लगें, तो इस पर भी विचार करने की जरूरत होती है कि इनकी तह में क्या वजह छिपी हो सकती है। अव्वल तो वाहन सुरक्षित चलाने से लेकर सामान रखने की जगह और बस के भीतर आवाजाही के रास्ते निर्बाध रखने जैसी सावधानी को सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी प्रबंधन की होनी चाहिए।

अगर इसमें लापरवाही बरती जाती है, तो उसकी जांच और कार्रवाई की जिम्मेदारी सरकार के संबंधित महकमे तथा अधिकारियों की है। मगर ऐसा लगता है कि हर स्तर पर घोर लापरवाही बरती जाती है और यात्रियों के जीवन की कोई परवाह नहीं की जाती। सवाल है कि ऐसी स्थिति कैसे आती है कि किसी बस में आग लग जाने पर यात्रियों को निकलने तक का मौका नहीं मिलता और वे अपनी या किसी अन्य की जान बचाने के लिए कुछ नहीं कर पाते।

इसी मसले पर राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग, यानी एनएचआरसी की एक पीठ ने केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय को नोटिस जारी किया है तथा राज्यों के मुख्य सचिवों को सुरक्षा मानकों का उल्लंघन करने वाली बसों को हटाने का निर्देश दिया। दरअसल, यह शिकायत दर्ज कराई गई थी कि सार्वजनिक बसों के डिजाइन में गंभीर खामी यात्रियों की जान को खतरे में डाल रही है। ऐसी खबरें भी आईं कि हादसे या आग लगने के बाद बस का स्वचालित दरवाजा जाम हो गया और इसकी वजह से लोग भीतर ही फंस गए।

इसके अलावा, बस में जरूरत से ज्यादा भार, आपातकालीन दरवाजे या खिड़कियों का नहीं होना या फिर बेकाम होना जैसी अनेक लापरवाहियां यात्रियों की मौत की वजह बनती हैं। आखिर डिजाइन में गंभीर खामी वाली बसें जोखिम भरी स्थितियों में सड़क पर निर्बाध दौड़ती हैं, तो इसके लिए कौन जिम्मेदार है? आए दिन यात्री बसों में आग लगने और लोगों की मौत की घटनाओं पर लगाम लगाने के लिए इस पर विचार और ठोस कार्रवाई बेहद जरूरी है।

# विचार : शिक्षा संस्थानों की लचर निगरानी

दिल्ली में लाल किले के पास धमाके के बाद से फरीदाबाद की अल फलाह यूनिवर्सिटी संदेह के घेरे में है। उसे आतंकियों के अड्डे के रूप में देखा जा रहा है। दिल्ली बम धमाके का मुख्य आरोपित डा. उमर नबी और उसके कुछ साथी इसी यूनिवर्सिटी में चिकित्सक के रुप में कार्यरत थे। इस यूनिवर्सिटी में कार्यरत कई और डाक्टर एवं कर्मचारी जांच एजेंसियों के रडार पर हैं। जांच एजेंसियां यह जानने का प्रयास कर रही हैं कि अल फलाह यूनिवर्सिटी व्हाइट कालर टेरर माड्यूल वालों का ठिकाना कैसे बन गई? प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को इस शिक्षा संस्थान में 415 करोड़ रुपयों की वित्तीय अनियमितता भी मिली है।

ईडी का आरोप है कि अल फलाह यूनिवर्सिटी ने राष्ट्रीय मूल्यांकन प्रत्यायन परिषद (नैक) एवं यूजीसी की धारा 12(बी) के तहत मान्यता एवं सरकारी अनुदान मिलने की बात को गलत तरीके से प्रस्तुत किया। जांच बताती है कि अल फलाह स्कूल आफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलाजी की नैक मान्यता 2013 से 2018 तक ही थी तथा शिक्षा विभाग की मान्यता 2011 से 2015 तक ही 'ए' ग्रेड रही।

यूनिवर्सिटी प्रशासन ने नवीनीकरण कराए बिना ही अपने प्रपत्रों में 'ए' ग्रेड होने का दावा करते हुए छात्रों से करोड़ों की फीस वसूली। यह भी सामने आया है कि इस यूनिवर्सिटी ने वित्तीय वर्ष 2018 से 2025 तक 415.10 करोड़ रुपयों का शैक्षिक राजस्व अर्जित किया। 2018 के बाद इस यूनिवर्सिटी के राजस्व में तेजी से




वृद्धि दर्ज की गई। 2018-19 में जहां इसका वार्षिक राजस्व केवल 24.1 करोड़ था, वहीं 2024-25 में बढ़कर 81.10 करोड़ तक पहुंच गया। इसके अलावा इस यूनिवर्सिटी की हास्टल और मेस फीस को लेकर भी अनियमितताएं सामने आई हैं।

अल फलाह यूनिवर्सिटी की स्थापना 2014 में हरियाणा विधानसभा के अधिनियम 21 के तहत की गई थी। इसे यूजीसी द्वारा एक्ट 1956 की धारा 2 (एफ) के तहत मान्यता मिली। यह यूनिवर्सिटी एसोसिएशन आफ इंडियन यूनिवर्सिटीज (एआइयू) की भी सदस्य बनी। इसमें यूजी और पीजी के साथ-साथ पीएचडी स्तर के पाठ्यक्रम भी संचालित किए जाने लगे। यह चिंता की बात है कि जिस उच्च शिक्षण संस्थान पर देश के उज्ज्वल भविष्य के लिए श्रेष्ठ मानव संसाधन तैयार करने का उत्तरदायित्व था, वह सफेदपोश आतंकी माड्यूल की शरणस्थली बन गया। अल फलाह मामले ने इस जैसे अन्य शिक्षा संस्थानों की गहन जांच की आवश्यकता रेखांकित कर दी है।

यह स्वाभाविक ही है कि उच्च शिक्षा संस्थाओं को मान्यता देने और उनकी निगरानी करने वाली नियामक संस्थाओं पर भी सवाल उठ रहे हैं। इस सच को कहने में कोई हिचक नहीं होनी चाहिए कि किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय में आतंकी माड्यूल का पनपना यूजीसी, एआइसीटीई और एनसीटीई जैसी नियामक संस्थाओं की उदासीनता को बयान करता है। अल फलाह का मामला यह भी बताता है कि नियामक संस्थाओं के पास कोई ठोस एवं प्रभावी निगरानी तंत्र नहीं है। यदि निगरानी तंत्र सही तरह काम कर रहा होता तो शायद अल फलाह यूनिवर्सिटी आतंकियों का अड्डा नहीं बनती और न ही वहां इतनी अधिक अनियमितताएं मिलतीं।

एक आंकड़े के अनुसार देश में 1191 विश्वविद्यालय हैं। इनमें निजी विश्वविद्यालय 502, राज्य विश्वविद्यालय 494, केंद्रीय विश्वविद्यालय 57 तथा डीम्ड विश्वविद्यालयों 138 हैं। निजी विश्वविद्यालयों की संख्या तेजी से बढ़ती ही जा रही है। साफ है कि उनकी निगरानी का काम और अधिक गहन तरीके से होना चाहिए। इसलिए और भी, क्योंकि इंटरपोल और रैंड कारपोरेशन की नवीनतम टेरर विहेवियर इंटेलिजेंस रिपोर्ट से यह सामने आया है कि आतंकवाद एक नए मोड़ पर पहुंच चुका है। अब मोबाइल फोन, लैपटाप इत्यादि के जरिये भी कट्टरपंथ का प्रसार हो रहा है। अल फलाह यूनिवर्सिटी में जिस तरह डाक्टर आतंक की राह पर चलते पाए गए, उससे साफ है कि उच्च शिक्षा प्राप्त और तकनीक में दक्ष युवा आतंकी बन सकते हैं। अल फलाह यूनिवर्सिटी में सफेदपोश माड्यूल के पकड़ में आने के बाद खुफिया एजेंसियों को अन्य शिक्षा संस्थानों की गतिविधियों को लेकर भी सतर्क रहना होगा।





जितना अधिक हम प्रभु के और अपनी आत्मा के नजदीक आते हैं, उतना ही अधिक हम दूसरों की तकलीफों के प्रति करुणा से भर जाते हैं।

- संत राजिन्दर सिंह जी महाराज

स्थान - सावन कृपाल रूहानी मिशन, सावन आश्रम, परम संत कृपाल सिंह जी महाराज चौक, खेमानी रोड, उल्हासनगर-२

देखें सत्संग आस्था चैनल पर हर रोज़ सोम - शनि सुबह ८.२० से ८.४० तक


# गहन मतदाता पुनरीक्षण को लेकर दबाव

इसमें कोई दोराय नहीं कि तेजी से डिजिटल होती दुनिया में साइबर फर्जीवाड़ा तथा इससे जुड़े अन्य अपराधों ने एक जटिल शक्ल अख्तियार कर ली है और उससे निपटने के लिए ठोस उपाय जरूरी हैं। मगर सवाल है कि अपराध या जोखिम से बचाव के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले किसी औजार को क्या एक नए तरह की असुरक्षा का वाहक बनने की इजाजत दी जा सकती है!

केंद्रीय संचार मंत्रालय की ओर से सोमवार को जारी एक आदेश के तहत यह कहा गया था कि सभी स्मार्टफोन कंपनियां नब्बे दिनों के भीतर अपने स्मार्टफोन में सरकार द्वारा तैयार किए गए साइबर सुरक्षा एप 'संचार साथी' को पहले से ही इस तरह इंस्टाल करें कि उसे डिलीट और प्रतिबंधित या अक्षम नहीं किया जा सके। सरकार के मुताबिक, यह एप मोबाइल उपयोगकर्ताओं को धोखाधड़ी वाले फोन और संदेशों की रपट लिखवाने के साथ-साथ चोरी हुए मोबाइल की जानकारी देने में मदद करता है। प्रथम दृष्टया सरकार की यह पहल तेजी से फैल रहे डिजिटल फर्जीवाड़े और इससे जुड़ी अन्य गड़बड़ियों से बचाना दिखता है, मगर किसी भी स्मार्टफोन की बाकी सुविधाओं तक इस एप की पहुंच और इसके काम करने के तरीके के संबंध में



जैसे तथ्य सामने आए हैं, उसे लेकर स्वाभाविक ही इसका तीखा विरोध शुरू हो गया है।

यों संचार साथी एप पहले से ही इंटरनेट पर 'सर्च इंजन' पर मौजूद है, लेकिन अब तक इसे उपयोगकर्ता स्वैच्छिक तौर पर ही अपने स्मार्टफोन में डाउनलोड करते रहे हैं। ताजा आदेश में जिस तरह इसकी अनिवार्यता को लागू करने की बात कही गई, उसके बाद सरकार के इस फैसले पर सवाल उठे हैं। विपक्षी दलों की ओर से यह आशंका जताई गई है कि सरकार इसके जरिए व्यक्ति की निजता के अधिकार को खत्म कर उसकी हर गतिविधि की जासूसी करना चाहती है या उसकी निगरानी करना चाहती है। किसी स्मार्टफोन में इंस्टाल होने के बाद संदेशों से लेकर अन्य जरूरी सुविधाओं तक पहुंच होने की वजह से संचार साथी के बेजा इस्तेमाल को लेकर भी अनेक आशंकाएं सामने आने लगी हैं। अगर वे सही उतरीं, तो इसकी क्या गारंटी है कि इस एप के जरिए न केवल लोगों की निजता के अधिकार को ताक पर रखा जाएगा, बल्कि उनके फोन में छेड़छाड़ भी की जाएगी!

हालांकि इस फैसले पर चौतरफा सवाल उठने पर सरकार की ओर से सफाई आई कि लोग इसे चाहें तो न रखें या अगर फोन में है तो उसे डिलीट कर दें। यह वैकल्पिक है। अगर वास्तव में ऐसा ही है तो संचार साथी एप को क्यों नहीं 'सर्च इंजन' के तहत ही रहने दिया जाता है, ताकि जिन्हें जरूरी लगे, वे स्वैच्छिक रूप से डाउनलोड कर लें। फिर अगर डिजिटल फर्जीवाड़े या अन्य साइबर अपराधों से लोगों की सुरक्षा के लिए ऐसे आदेश जारी किए जाते हैं, तो इसके बजाय तकनीक तथा उसके उपयोग को लेकर देश भर में व्यापक प्रशिक्षण और जागरूकता का अभियान क्यों नहीं चलाया जाता? अपराधियों को पकड़ने में भी आधुनिक तकनीक आज कारगर भूमिका निभा रही है। एक समस्या स्मार्टफोन कंपनियों के सरकार के फरमान पर राजी होने को लेकर भी आ सकती है।

यों भी, यह विचित्र है कि नागरिकों के स्मार्टफोन में कोई ऐसा ऐप रखना अनिवार्य बनाया जाए, जिसे लेकर आशंकाएं उभर रही हों कि वह एप लोगों को कितना साइबर अपराधों से बचाएगा और किस स्तर पर जोखिम का वाहक बनेगा!

# दुनिया की दूसरी सबसे ऊंची रेलवे लाइन पर बना है पुल

आज हम आपको दुनिया की दूसरी सबसे ऊंची रेलवे लाइन पर बने उस रहस्यमयी पुल के बारे में बताने जा रहे हैं, जिसे 'छोटा नर्क' भी

**जरा हट के**

कहा जाता है. अब आप सोच रहे होंगे कि आखिर ये पुल कहां पर है और इसका नाम क्या है. ऐसे में बता दें कि इसका नाम है 'इनफर्निलो ब्रिज' यानी 'छोटा नर्क'. यह एंडीज पर्वत की ऊंची-ऊंची चोटियों के बीच बना है जिसे देखकर इंसान की रूह कांप उठती है. जहां इतनी ऊंचाई पर हवा में सांस लेना भी मुश्किल हो जाता है, वहां बना यह पुल किसी इंजीनियरिंग का चमत्कार ही नहीं, बल्कि मानव साहस और तकनीकी कौशल की एक जीती-जागती मिसाल है.

दुनिया की दूसरी सबसे ऊंची रेलवे लाइन 'फेरोकारिल सेंट्रल एंडिनो' का यह हिस्सा समुद्र तल से 3,300 मीटर की ऊंचाई पर स्थित है. पेरू की राजधानी लिमा से करीब 130 किलोमीटर दूर यह पुल दो



विशाल चट्टानों के बीच बनी एक संकरी घाटी पर बना हुआ है. 1908 में अमेरिकन ब्रिज कंपनी द्वारा निर्मित इस 62.78 मीटर लंबे पुल की सबसे डरावनी विशेषता है इसके दोनों ओर बनी सुरंगें. इस पुल के निर्माण में आने वाली चुनौतियां अविश्वसनीय थीं. 20वीं सदी के शुरुआती दौर में बिना आधुनिक मशीनों के इंजीनियरों ने इस कठिन इलाके में स्टील के इस पुल को बनाया. पुल के दोनों सिरों पर बनी सुरंगें इसकी संरचना को और भी जटिल बनाती हैं- ट्रेन एक चट्टान की सुरंग से निकलकर सीधे पुल पर आती है और तुरंत दूसरी सुरंग में प्रवेश कर जाती है.

यह पुल एंडीज पर्वतमाला की एक बहुत ही संकरी और गहरी घाटी में स्थित है. इसका नाम 'इनफर्निलो' (स्पेनिश में 'छोटा नर्क') इसकी भौगोलिक स्थिति के कारण पड़ा. पुल के नीचे गहरी खाई में रियो रिमैक नदी गर्जन करती हुई बहती है, जबकि ऊपर से ट्रेन गुजरती है तो पूरी संरचना कांप उठती है. पुल के एक तरफ 'कारेटेरा सेंट्रल' राजमार्ग है, जहां से यह नजारा और भी डरावना लगता है. इस तरह के बीहड़, दुर्गम स्थानों को पारंपरिक रूप से डरावना या 'नर्क जैसा' माना जाता रहा है. इसके अलावा जब 1908 में इसे बनाया गया था, तब इतनी ऊंचाई पर और ऐसी दुर्गम जगह पर काम करना बेहद खतरनाक था.

# पीनट बटर फ्रेंच टोस्ट




**सामग्री**

- 4 ब्रेड स्लाइस
- 2 बड़े चम्मच पीनट बटर
- 2 अंडे
- 1/4 कप दूध
- 1 छोटा चम्मच चीनी
- 1/4 छोटा चम्मच वनीला एसेंस (ऑप्शनल)
- 1 चुटकी दालचीनी पाउडर (ऑप्शनल)
- 1 बड़ा चम्मच बटर या तेल (सेकने के लिए)

**बनाने की विधि**

इसे बनाना इतना आसान है कि पहली बार बनाने वाला व्यक्ति भी इसे मिनटों में तैयार कर सकता है। सबसे पहले, आपको अंडे, थोड़ा सा दूध, चीनी या शहद और वनीला एसेंस को अच्छी तरह फेंटना होगा। यह घोल फ्रेंच टोस्ट का बेस है। अब, दो ब्रेड स्लाइस के बीच अच्छी मात्रा में पीनट बटर लगाकर उन्हें सैंडविच की तरह तैयार करें।

इस पीनट बटर सैंडविच को अंडे के घोल में दोनों तरफ से हल्के से डुबोएं। ध्यान रखें कि ब्रेड बहुत ज्यादा न भीगे, नहीं तो वह टूट जाएगी। अब, एक नॉन-स्टिक पैन में थोड़ा सा बटर या घी गर्म करें। इस सैंडविच को पैन पर रखें और



मध्यम आंच पर दोनों तरफ से सुनहरा भूरा और कुरकुरा होने तक सेकें। जब आपका फ्रेंच टोस्ट तैयार हो जाए, तो इसे प्लेट में निकालें। आप इसे और भी स्वादिष्ट बनाने के लिए ऊपर से शहद या मेपल सिरप डाल सकते हैं। इसके अलावा, कटे हुए केले, स्ट्रॉबेरी या थोड़े से अखरोट डालकर परोसने से इसका पौष्टिक मूल्य और स्वाद दोनों बढ़ जाते हैं। अगली बार जब आप जल्दबाजी में हों और आपको कुछ स्वादिष्ट, सेहतमंद और झटपट बनाना हो, तो यह पीनट बटर फ्रेंच टोस्ट जरूर ट्राई करें। यह आपके ब्रेकफास्ट के लिए एकदम परफेक्ट, एनर्जी से भरा हुआ ऑप्शन है।

# सर्दियों में बढ़ जाता है हार्ट अटैक का खतरा

सर्दियों का मौसम कोहरा और सर्द हवाएं लेकर आता है, लेकिन स्वास्थ्य के लिहाज से यह मौसम दिल के मरीजों के लिए खतरनाक साबित हो सकता है। आंकड़े बताते हैं कि सर्दियों में हार्ट अटैक के मामले 20-30% तक बढ़ जाते हैं, खासकर सुबह के समय। ऐसा क्यों होता है और इस मौसम में दिल का ख्याल कैसे रखा जाए, आइए जानते हैं।



### सर्दियों में हार्ट अटैक बढ़ने के कारण क्या हैं?

**ब्लड वेसल्स का सिकुड़ना-** ठंड के कारण आर्टरीज सिकुड़ जाती हैं, जिससे ब्लड प्रेशर बढ़ता है और दिल पर एक्स्ट्रा दबाव पड़ता है।

**हाई ब्लड प्रेशर-** ठंड में शरीर को गर्म रखने के लिए दिल को ज्यादा काम करना पड़ता है, जिससे ब्लड प्रेशर बढ़ने का खतरा रहता है।

**वायु प्रदूषण-** सर्दियों में प्रदूषण का स्तर बढ़ जाता है, जो सांस के साथ-साथ दिल के लिए भी नुकसानदायक है।

**फिजिकल एक्टिविटी में कमी-** ठंड के कारण लोग एक्सरसाइज और शारीरिक गतिविधियां कम कर देते हैं, जो दिल के स्वास्थ्य को प्रभावित करता है।

**ज्यादा खाना-** इस मौसम में ज्यादा फैट और मीठा वाला खाना खाने से कोलेस्ट्रॉल बढ़ने का खतरा रहता है।

### सर्दियों में दिल का ख्याल कैसे रखें?

**शरीर को गर्म रखें-** ठंड से बचाव करें। गर्म कपड़े पहनें, खासकर सिर, कान और हाथों को ढककर रखें।

**नियमित एक्सरसाइज-** घर के अंदर ही, रोजाना कम से कम 30 मिनट एक्सरसाइज जरूर करें। योग, प्राणायाम और स्ट्रेचिंग फायदेमंद रहेंगे।

**हेल्दी डाइट-** हल्का, गर्म और पौष्टिक खाना खाएं। हरी सब्जियां, मौसमी फल, अदरक, लहसुन और हल्दी फायदेमंद है। भारी, तला-भुना खाने और ज्यादा नमक से बचें।

**धूप लें-** दोपहर में कम से कम 15-20 मिनट धूप जरूर लें, ताकि शरीर को भरपूर मात्रा में विटामिन-डी मिल सके।

**दवाएं न छोड़ें-** दिल के मरीज अपनी दवाएं नियमित रूप से लें और डॉक्टर के संपर्क में रहें।

**स्ट्रेस मैनेजमेंट-** भरपूर नींद लें, मेडिटेशन करें और मनपसंद एक्टिविटी के लिए समय निकालें।

**लक्षणों पर नजर-** सीने में दर्द, सांस लेने में तकलीफ, अचानक चक्कर आना या थकान जैसे लक्षण दिखने पर तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें।

**स्मोकिंग और शराब से दूरी-** इनसे दिल की बीमारी का खतरा बढ़ता है, इसलिए इनसे परहेज करें।

**पर्याप्त पानी पिएं-** ठंड में प्यास कम लगती है, लेकिन शरीर को हाइड्रेट रखने के लिए पानी पीते रहें।

## आज का राशिफल

**मेष** : पारिवारिक सुख-शांति बनी रहेगी। किसी प्रभावशाली व्यक्ति से सहयोग प्राप्त होगा। पूजा-पाठ में मन लगेगा। तीर्थदर्शन हो सकते हैं। विवेक का प्रयोग करें, लाभ होगा। मित्रों के साथ अच्छा समय बीतेगा। विरोध होगा। चिंता तथा तनाव रहेंगे। झंझटों में न पड़ें। जल्दबाजी से हानि होगी। आलस्य हावी रहेगा।

**वृषभ** : स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। चोट व दुर्घटना से हानि संभव है। कार्य करते समय लापरवाही न करें। बनते कामों में बाधा हो सकती है। विवाद से बचें। काम में मन नहीं लगेगा। किसी व्यक्ति के उकसाने में न आएं। विवेक का प्रयोग करें। आय बनी रहेगी। पारिवारिक सहयोग मिलेगा। व्यापार ठीक चलेगा।

**मिथुन** : घर-परिवार की चिंता रहेगी। किसी वरिष्ठ व्यक्ति का मार्गदर्शन व सहयोग प्राप्त होगा। जीवनसाथी से सहयोग मिलेगा। घर-परिवार में प्रसन्नता रहेगी। बाहर जाने का मन बनेगा। भाइयों से मतभेद दूर होंगे। व्यवसाय लाभप्रद रहेगा। वाणी में हल्के शब्दों के प्रयोग से बचें। संतान पक्ष से खुशियां प्राप्त होंगी।

**कर्क** : लेन-देन में जल्दबाजी न करें। आवश्यक वस्तु समय पर नहीं मिलने से क्रोध रहेगा। भूमि व भवन संबंधी बड़े सौदे बड़ा लाभ दे सकते हैं। उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। व्यापार-व्यवसाय मनोनुकूल रहेगा। बड़ा काम करने का मन बनेगा। रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। आय में वृद्धि होगी।

**सिंह** : रचनात्मक कार्य सफल रहेंगे। किसी प्रबुद्ध व्यक्ति का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। यात्रा मनोरंजक रहेगी। पार्टी व पिकनिक का आनंद मिलेगा। मनपसंद भोजन की प्राप्ति संभव है। पारिवारिक सदस्यों तथा मित्रों के साथ आनंदायक समय व्यतीत होगा। व्यापार-व्यवसाय ठीक चलेगा। घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी।

**कन्या** : बुरी सूचना मिल सकती है। मेहनत अधिक होगी। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। आय में कमी रहेगी। नकारात्मकता बढ़ेगी। विवाद से क्लेश होगा। जल्दबाजी में कोई महत्वपूर्ण निर्णय न लें। अनावश्यक परेशानी खड़ी हो सकती है। दूसरों की बातों में न आएं। धैर्य रखें, समय सुधरेगा।

**तुला** : सामाजिक कार्यों में मन लगेगा। दूसरों की सहायता कर पाएंगे। मान-सम्मान मिलेगा। रुके कार्यों में गति आएगी। पारिवारिक सहयोग मिलेगा। व्यापार ठीक चलेगा। मनोरंजक यात्रा हो सकती है। मित्रों के साथ अच्छा समय व्यतीत होगा। घर-बाहर सुख-शांति रहेगी।

**वृश्चिक** : उत्साहवर्धक सूचना प्राप्त होगी। भूले-बिसरे साथियों से मुलाकात होगी। कोई नया बड़ा काम करने की योजना बनेगी। भाइयों का सहयोग प्राप्त होगा। व्यापार-व्यवसाय मनोनुकूल चलेगा। भ्रम की स्थिति बन सकती है। बुद्धि का प्रयोग करें। लाभ में वृद्धि होगी। समय प्रसन्नतापूर्वक व्यतीत होगा।

**धनु** : किसी बड़ी समस्या का हल मिलेगा। व्यावसायिक साझेदार पूर्ण सहयोग करेंगे। कोई नया उपक्रम प्रारंभ करने का मन बनेगा। सेहत का ध्यान रखें। वरिष्ठजनों की सलाह काम आएगी। नए मित्र बनेंगे। यात्रा मनोरंजक रहेगी। भेंट व उपहार की प्राप्ति संभव है। आय बनी रहेगी। हर कार्य बेहतर होगा।

**मकर** : सेहत को प्राथमिकता दें। लेन-देन में जल्दबाजी से हानि होगी। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। महत्वपूर्ण निर्णय लेने का समय नहीं है। चिंता तथा तनाव रहेंगे। व्यापार मनोनुकूल चलेगा। अनावश्यक जोखिम न लें। किसी भी व्यक्ति के उकसावे में न आएं। फालतू खर्च होगा। पुराना रोग उभर सकता है।

**कुंभ** : आय में वृद्धि होगी। बिगड़े काम बनेंगे। प्रसन्नता रहेगी। मित्रों के साथ अच्छा समय व्यतीत होगा। व्यस्तता के चलते स्वास्थ्य बिगड़ सकता है, ध्यान रखें। व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा। मनोरंजक यात्रा की योजना बनेगी। डूबी हुई रकम प्राप्त हो सकती है। भाग्य का साथ मिलेगा। प्रमाद न करें।

**मीन** : मान-सम्मान मिलेगा। व्यापार मनोनुकूल चलेगा। योजना फलीभूत होगी। कार्यस्थल पर परिवर्तन संभव है। विरोध होगा। काम करते समय लापरवाही न करें। चोट लग सकती है। थकान तथा कमजोरी महसूस होगी। मित्रों का सहयोग प्राप्त होगा। घर-परिवार के साथ आराम से समय व्यतीत होगा।

-ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री

# बिना एयर प्यूरीफायर भी घर की हवा हो सकती है साफ

**7 स्मार्ट तरीकों से कम होगा अंदर का प्रदूषण**



प्रदूषण सिर्फ बाहर नहीं है, बल्कि घर की हवा में भी मौजूद होता है। इसके कारण एलर्जी, अस्थमा और अन्य सांस की बीमारियां हो सकती हैं। ऐसे में घर की हवा को साफ रखने के लिए एयर प्यूरीफायर का इस्तेमाल करना काफी असरदार माना जाता है। लेकिन अगर आपके पास एयर प्यूरिफायर नहीं है, तो?

घबराने की बात नहीं है, बिना एयर प्यूरीफायर के भी आप अपने घर के अंदर की हवा को साफ रख सकते हैं। आइए जानें कैसे बिना एयर प्यूरिफायर के घर के अंदर का प्रदूषण कम किया जा सकता है.

### नियमित और सही तरीके से सफाई

**गीले कपड़े से सतहों की सफाई-** झाड़ू लगाने या सूखे कपड़े से पोंछने से धूल हवा में उड़ सकती है। इसके बजाय, हल्के गीले कपड़े का इस्तेमाल करें। इससे धूल, जानवरों के बाल और अन्य कण हवा में नहीं उड़ेंगे और साफ हो जाएंगे।

**कार्पेट और फर्नीचर की वैक्यूमिंग-** कार्पेट, गद्दे और पर्दे धूल और एलर्जी के मुख्य सोर्स हैं। सप्ताह में एक-दो बार एक अच्छे वैक्यूम क्लीनर, अगर संभव हो तो HEPA फिल्टर वाले, से इनकी सफाई करें।

**बिस्तर और फैब्रिक को धोना-** चादरें, तकिए के कवर, पर्दे और अन्य कपड़े के सामान को नियमित रूप से गर्म पानी में धोएं। यह धूल के कणों, पोलन और पालतू जानवरों की फर को साफ करने में मदद करता है।

### व्यवस्थित रखें और क्लटर कम करें

घर में ज्यादा सामान और क्लटर जमा होने से धूल जमने और सफाई में रुकावट पैदा होती है। कम से कम सामान रखें और चीजों को व्यवस्थित तरीके से रखें। इससे सफाई आसान और ज्यादा प्रभावी होगी।

### बाहरी प्रदूषण को अंदर आने से रोकें

खिड़कियों और दरवाजों के छोटे गैप सील करें- बाहर के धूल और प्रदूषण कण अक्सर छोटी दरारों से अंदर आ जाते हैं। वेदर-स्ट्रिप्स या सीलेंट का इस्तेमाल करके इन रिसावों को बंद कर दें।

प्रदूषण कम समय पर हवादार करें- सुबह या देर शाम जब बाहर का वायु प्रदूषण स्तर कम हो, उस समय खिड़कियां खोलकर ताजी हवा आने दें। भीड़भाड़ वाले समय या निर्माण कार्य के दौरान खिड़कियां बंद रखें।

### नमी कंट्रोल करें

घर में ज्यादा नमी फफूंद के विकास को बढ़ावा देती है, जो वायु प्रदूषण का एक बड़ा कारण है। नहाने या खाना पकाने के बाद एग्जॉस्ट फैन चलाएं। प्राकृतिक हवा और धूप आने दें।

# मटर के छिलकों के सेहत लाभ



आप हर दिन कई तरह की सब्जियां बनाते हैं. सब्जी को छीलते हैं और उसके छिलके को बेकार समझकर फेंक देते हैं. क्या आप जानते हैं कि कुछ सब्जियों के छिलके भी बेहद फायदेमंद और पोषक तत्वों से भरे होते हैं?

-आयुर्वेद और वैज्ञानिक शोध के अनुसार, मटर के दानों की तरह इसके छिलके भी सेहत के लिए वरदान साबित हो सकते हैं. मटर के ताजे छिलकों में कई भरपूर गुण होते हैं. आयुर्वेद में इसे शरीर के लिए पाचन-सहायक और पोषणकारी बताया गया है.

-मटर के छिलकों में फाइबर होता है, जो पेट के लिए लाभकारी है. फाइबर पेट को साफ रखता है. कब्ज की समस्या ठीक कर सकता है. पाचन को आसान बनाता है. गैस बनने नहीं देता है. यह पेट को धीरे-धीरे आराम से काम करने में मदद करते हैं.

-फाइबर युक्त डाइट लेने से पेट देर तक भरा महसूस होता है, जिससे आप कम खाते हैं. छिलके की सब्जी या चटनी बनाकर खाने से बार-बार भूख नहीं लगती. ऐसे में वजन को घटाने के प्रयास में लगे लोगों के लिए ये छिलके उपयोगी साबित हो सकते हैं.

-मटर के छिलकों में कॉपर, विटामिन सी, के, पोटैशियम, कैल्शियम आदि कई अन्य तत्व भी मौजूद होते हैं. पोटैशियम शरीर के द्रव संतुलन को बनाए रखने में मदद करता है. इससे हार्ट अपना काम सही से करता है.

-कैल्शियम हड्डियों और दांतों को मजबूत बनाने में एक जरूरी पोषक तत्व है, जबकि कॉपर शरीर में ऊर्जा बनाने की प्रक्रिया और रक्त के निर्माण में भूमिका निभाता है.

-विटामिन सी शरीर की इम्यूनिटी को सपोर्ट करता है, इसे मजबूत बनाता है. विटामिन के रक्त के सामान्य थक्के बनने में मदद करता है. हड्डियों की मजबूती देता है.

-छिलकों में मौजूद प्राकृतिक रसायन, जैसे कैरोटेनॉइड, आंखों के लिए भी मददगार माने जाते हैं. ये तत्व आंखों की कोशिकाओं को सामान्य रूप से काम करने में सहायता देते हैं. प्रकाश से होने वाली क्षति से बचाने का काम करते हैं.

उपरोक्त लेखों में दी गई समस्त जानकारियां और सूचनाएं सामान्य मान्यताओं पर आधारित हैं. 'उल्हास विकास' इनकी पुष्टि नहीं करता है. इन पर अमल करने से पहले संबंधित विशेषज्ञ से संपर्क करें.

## खबरें गांव की...

### 5 बच्चों की मां ने बेटे की उम्र के युवक से रचाई शादी,

**अंबेडकरनगर.** उत्तर प्रदेश के अंबेडकरनगर जिले में जहांगीरगंज के हुसेनपुर खुर्द गांव निवासी पांच बच्चों की मां ने अपने बेटे की उम्र के युवक से शादी रचा ली है। शादी के वक्त महिला का पति का भी मौजूद था। पत्नी को इस उम्र में छोड़ते देख भावुक हो गया और बोला कि जब वह मेरे साथ नहीं रहना चाहती तो क्या कर सकता हूं। बताया जाता है कि हुसेनपुर खुर्द गांव का निवासी निखिल आजीविका के लिए देवरिया जिले के भटनी थाना क्षेत्र में फेरी लगाकर कबाड़ खरीदता था। इसी दौरान उसकी मुलाकात मुन्नी देवी से हुई, जो पहले से पांच बच्चों की मां थीं। उनकी लगातार मुलाकातों ने जल्द ही एक गहरे प्रेम संबंध का रूप ले लिया। हैरान करने वाली बात तो यह थी कि निखिल की उम्र मुन्नी देवी के सबसे बड़े बेटे की उम्र के लगभग बराबर है। इसके बावजूद दोनों ने उम्र के भारी अंतर और सामाजिक लोक-लाज की परवाह न करते हुए एक-दूसरे के साथ जीवन बिताने का फैसला कर लिया।

### 70 वर्षीय महिला की लूटपाट के बाद हत्या

**लखनऊ.** लखनऊ में अकेली रह रहीं 70 वर्षीय एक बुजुर्ग महिला की हत्या कर दी गई है। बुधवार की सुबह घर में उनका शव मिला। घर का सारा सामान अस्त-व्यस्त मिला। ऐसा लग रहा है कि लूटपाट के दौरान गला घोंटकर उनकी हत्या की गई है। घटना लखनऊ के जानकीपुरम इलाके की जानकी विहार कॉलोनी यशोदापुरम में हुई। मिली जानकारी के अनुसार 70 वर्षीय वृद्धा नीलिमा श्रीवास्तव घर में अकेले रहती थीं। मिली जानकारी के अनुसार यह दुस्साहसिक वारदात बुधवार तड़के हुई। बदमाशों ने अकेले रह रही 70 वर्षीय नीलिमा श्रीवास्तव के घर धावा बोला। बदमाशों ने नीलिमा की हत्या कर दी। अलमारी और लाकर तोड़कर नकदी और जेवर लूट लिए। उनके हाथ में पड़े सोने के कंगन भी निकाल ले गए। पुलिस और फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस के सीसी फुटेज में एक संदिग्ध साल ओढ़े जाते दिखा है।

### 10वीं के छात्र ने टीचर को मारा चाकू

**मुरादाबाद.** यूपी के मुरादाबाद से एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। जहां कोतवाली क्षेत्र के जीजी हिन्दू इंटर कॉलेज में मंगलवार सुबह डांट से क्षुब्ध दसवीं के एक छात्र ने शिक्षक अरुण कुमार त्यागी पर चाकू से हमला कर दिया। घटना उस समय हुई जब शिक्षक स्कूल गेट से प्रवेश कर रहे थे। हमलावर छात्र वारदात के बाद भाग गया। पुलिस ने शिक्षक की शिकायत पर छात्र के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसे हिरासत में ले लिया है। वहीं, कॉलेज प्रबंधन ने छात्र को दो महीने के लिए निष्कासित कर दिया है। प्रिंसिपल डॉ. कुलदीप बरनवाल ने बताया कि छात्र को बोर्ड परीक्षा तक कॉलेज में प्रवेश नहीं दिया जाएगा।

# नए आधार एप में घर बैठे एड्रेस-नाम बदल सकेंगे

- **मोबाइल नंबर बदलने की सुविधा शुरू**
- **किसी डॉक्यूमेंट की जरूरत नहीं**

**नई दिल्ली.** अब आप घर बैठे आधार कार्ड में रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर बदल सकते हैं। सरकार ने नए आधार एप में इस सुविधा को शुरू कर दिया है। वहीं, एड्रेस, नाम और ईमेल आईडी भी अपडेट करने की फैसिलिटी जल्द शुरू होगी। नई डिजिटल सर्विस की घोषणा आधार को रेगुलेट करने वाली संस्था यूनिक आइडेंटिफिकेशन अथॉरिटी ऑफ इंडिया (UIDAI) ने की है।

इन बदलावों के लिए यूजर्स को किसी डॉक्यूमेंट की जरूरत नहीं होगी। एप पर OTP वेरिफिकेशन और फेस ऑथेंटिकेशन से सबकुछ चेंज किया जा सकेगा। इस सर्विस से दूरदराज इलाकों में रहने वाले लोग, सीनियर सिटिजन और माइग्रेट करने वालों को आसानी होगी।

### नई सर्विस कैसे काम करेगी?

UIDAI के मुताबिक एप के जरिए आधार में अपडेट की प्रोसेस काफी सिंपल है। इसके लिए कोई डॉक्यूमेंट या फिजिकल विजिट की जरूरत नहीं है। पूरी प्रोसेस कुछ मिनटों में हो जाएगी।




- अगर आपने एप डाउनलोड नहीं किया है तो इसे डाउनलोड करके सेटअप करना होगा। इसके लिए स्टेप्स...
- सबसे पहले यूजर्स को AADHAAR एप डाउनलोड करना होगा।
- यहां यूजर्स को अपना आधार नंबर डालकर लॉगिन करना होगा।
- रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर पर OTP जाएगा, वेरिफिकेशन करना होगा।
- आगे इस्तेमाल के लिए 6 अंकों का लॉगिन PIN सेट करना होगा।

### मोबाइल अपडेट क्यों जरूरी है?

आधार कार्ड देश की सबसे बड़ी आइडेंटिटी सर्विस है, जिसमें 130 करोड़ से ज्यादा लोगों का डेटा जुड़ा हुआ है। मोबाइल नंबर इसका सबसे अहम हिस्सा है, क्योंकि इसी से OTP के जरिए बैंक अकाउंट, सरकारी सब्सिडी, इनकम टैक्स वेरिफिकेशन और डिजिटल सर्विसेज जैसे डिजीलॉकर तक एक्सेस मिलता है। अगर नंबर पुराना हो जाए या खो जाए तो कई समस्याएं हो सकती हैं। अभी तक इसे अपडेट करने के लिए एनरोलमेंट सेंटर जाना पड़ता था, जहां बायोमेट्रिक वेरिफिकेशन और लंबी कतारों का झंझट होता है। लेकिन अब UIDAI डिजिटल तरीके से इसे आसान बनाने जा रहा है।

### एप में मोबाइल नंबर कैसे अपडेट होगा?

- 6 अंकों का PIN डालकर आधार एप में लॉगिन करें।
- सर्विसेज में 'माय आधार अपडेट' पर क्लिक करें।
- सबसे पहले मोबाइल नंबर अपडेट का ही ऑप्शन आएगा, क्लिक करें।
- यहां जरूरी डिटेल पढ़ें, कंटिन्यू पर क्लिक करें।
- मौजूदा मोबाइल नंबर डालें, OTP वेरिफाई करें।
- नया मोबाइल नंबर डालें OTP वेरिफाई करें।
- फेस ऑथेंटिकेशन होगा, कैमरे में देखकर एक बार आंख बंद करें खोलें।
- पेमेंट करने का ऑप्शन आएगा, 75 रुपए जमा करने के बाद प्रोसेस पूरी हो जाएगी।

# कांग्रेस ने मोदी का चाय बेचते AI वीडियो पोस्ट किया

- **'चाय बोलो, चाय चाहिए' बोलते दिखाया;**
- **भाजपा बोली- शर्मनाक, जनता कभी माफ नहीं करेगी**

**नई दिल्ली.** कांग्रेस ने बुधवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म X पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का चाय बेचते हुए एक AI जनरेटेड वीडियो पोस्ट किया है। इसमें PM को



चायवाला दिखाया गया है। उनके हाथ में चाय की केतली है। दूसरे हाथ में ग्लास है।

वीडियो में मोदी को जोर-जोर से 'चाय बोलो, चाय-चाय चाहिए' बोलते दिखाया गया गया है। AI वीडियो में PM रेड कारपेट पर चल रहे हैं। उनके पीछे भारत सहित कई देशों के झंडे लगे हैं। इनमें भाजपा का भी झंडा है। इस AI वीडियो को कांग्रेस प्रवक्ता डॉ रागिनी नायक ने पोस्ट किया है।

रागिनी ने वीडियो के कैप्शन में लिखा- 'अब ई कौन किया बे। भाजपा प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने इसे शर्मनाक बताया। उन्होंने X पर पोस्ट में लिखा, 'नामदार कांग्रेस OBC समुदाय से आने वाले कामदार प्रधानमंत्री को बर्दाश्त नहीं कर सकती। जनता उन्हें कभी माफ नहीं करेगी।

### 12 सितंबर: कांग्रेस ने PM, उनकी मां का AI वीडियो पोस्ट किया था

यह पहली बार नहीं है जब कांग्रेस की तरफ से PM का AI वीडियो शेयर किया गया है। इससे पहले 12 सितंबर को बिहार कांग्रेस ने X पर PM मोदी और उनकी मां का एक AI जनरेटेड वीडियो पोस्ट किया था। वीडियो के कैप्शन में लिखा था- साहब के सपनों में आईं मां। देखिए रोचक संवाद।

# बागपत में 30 साल का इंजीनियर बना जैन मुनि

- **करोड़ों का व्यापार-प्रॉपर्टी छोड़ी**
- **बोले- कोविड में देख लिया, कोई किसी का नहीं**

**बागपत.** 'कोविड काल में मैंने इंसानों को अपनों से दूर होते देखा। कोई किसी को हाथ लगाने से भी डर रहा था। भाई-भाई के करीब नहीं जा रहा था। यह देखकर मेरी आत्मा को चोट पहुंची। उस दिन एहसास हुआ कि कोई किसी का नहीं। अकेले आए थे, अकेले ही जाना है। उसी समय मैंने सोच लिया था कि दुनिया की मोह-माया त्याग दूंगा। वैराग्य ले लूंगा। अब वो समय आ गया है।'

यह कहना है, बागपत के रहने वाले 30 साल के हर्षित जैन का। हर्षित दिल्ली में कपड़ों कारोबार करते थे। 1 करोड़ से ज्यादा का टर्नओवर था। लेकिन, अब वह वैराग्य अपना चुके हैं।

बागपत जिला मुख्यालय से करीब 40 किमी दूर दोघट कस्बा है। यहां रहने वाले हर्षित जैन अपने परिवार के छोटे बेटे हैं। उनके पिता सुरेश जैन करीब 12 साल पहले



सुरेश जैन दिल्ली शिफ्ट हो गए थे। उनका दिल्ली में इलेक्ट्रॉनिक्स उपकरण का बड़ा कारोबार है। मां सविता हाउस वाइफ हैं।

### हजारों भक्तों के साथ तिलक समारोह हुआ

बीते दिन हर्षित जैन का बागपत के जैन मंदिरों में तिलक समारोह हुआ। पहले दोघट के जैन मंदिर में तिलक समारोह किया गया। बग्घी पर बैठाकर बैंड-बाजों के साथ कस्बे में भ्रमण कराया गया। उसके बाद जैन मंदिर में जाकर यात्रा खत्म हुई। मंदिर में जैन मुनि बनाने के लिए मुनियों ने तिलक किया। इसके बाद मंगलवार को बामनौली गांव के जैन मंदिर में विधि-विधान के साथ मंत्रोच्चारण के बाद दोबारा तिलक किया गया।

# जब तक बिके नहीं, बदलते रहते थे एक्सपायरी डेट का लेबल

- **यूपी में खान-पान के कई नामी दुकान सील**

**लखनऊ.** यूपी के लखनऊ के लुलु हाइपर मॉल समेत प्रदेश के कई बड़े मॉल्स में बिक रहे खाने की दुकानों पर FDSA ने छापेमारी की। जांच में सामने आया कि कुछ फूड आउटलेट्स में एक्सपायर्ड प्रोडक्ट्स पर एक्सपायरी डेट का लेबल बदलकर बेचते थे। गड़बड़ी पाए जाने पर कई प्रतिष्ठानों को तुरंत बंद कर दिया गया और दर्जनों से खाद्य नमूने लिए गए। यह कार्रवाई मुख्यमंत्री के निर्देश पर प्रदेश स्तरीय टीमों ने की।

खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन ने लखनऊ के सभी बड़े मॉल्स के फूड कोर्ट्स में एक साथ छापेमारी की। खाद्य विभाग की 14



टीमों ने लुलु, पलासियो, फीनिक्स, सिनेपोलिस, एमरल्ड, वेव और फोनिक्स मॉल में एक साथ जांच की किया। इस चेकिंग में खासतौर पर गंदगी, लाइसेंस की अनियमितता और खराब हाइजीन पर सख्ती दिखाई गई। खामी पाए जाने पर एफएसडीए की टीमों ने चार बड़े फूड आउटलेट्स का खाद्य कारोबार तुरंत बंद करा दिया। साथ ही दर्जनों प्रतिष्ठानों से खाद्य नमूने लिए गए। इसके अलावा कई को सुधार नोटिस थमाया।

लुलु हाइपर मॉल में मैन्युफैक्चरिंग डेट बदलने और लाइसेंस की गड़बड़ी का खेल चल रहा था। जब तक सामान न मिले तब तक एक्सपायरी डेट का लेबल बदलकर काम चलाते थे। साथ ही लाइसेंस में भी खेल किया था। इस कारण एफडीएसए ने पूरा फूड सेक्शन बंद कर दिया गया। डबरु द चाप भी बिना लाइसेंस चल रहा था, उसे लाइसेंस मिलने तक बंद किया गया। टुंडे कबाबी, चिलीज़, करीम्स जैसे बड़े रेस्टोरेंट्स से नमूने लिए गए और सुधार नोटिस दिए गए। सिनेपोलिस मॉल के केएफसी में गंदगी पाई गई, इसलिए उसका कारोबार रोक दिया गया। नूडल स्टेशन और कुछ अन्य आउटलेट्स को भी सुधार नोटिस मिला।

# फोन में इंस्टॉल नहीं मिलेगा संचार साथी एप

- **सरकार ने फैसला वापस लिया**
- **केंद्र ने संसद में कहा था- इससे जासूसी संभव नहीं**

**नई दिल्ली.** केंद्र सरकार ने मोबाइल फोन पर संचार साथी ऐप के प्री-इंस्टॉलेशन (पहले से डाउनलोड) के फैसले को वापस ले लिया है। टेलीकॉम डिपार्टमेंट ने कहा कि सिर्फ एक दिन में अपनी मर्जी से एप डाउनलोड करने वालों की संख्या में 10 गुना बढ़ोतरी हुई है। संचार साथी एप की बढ़ती लोकप्रियता को देखते हुए, सरकार ने मोबाइल बनाने वाली कंपनी के




लिए प्री-इंस्टॉलेशन की अनिवार्यता खत्म कर दी है।

उधर केंद्र सरकार ने बुधवार को लोकसभा में कहा कि संचार साथी एप से जासूसी करना न तो संभव है, न ही जासूसी होगी। केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने एप को लेकर कांग्रेस नेता दीपेंद्र सिंह हुड्डा के सवालों के जवाब पर कहा- फीडबैक के आधार पर मंत्रालय एप इंस्टॉल करने के आदेश में ब द ल ाव करने को तैयार हैं।

स ंच ार साथी एप को लेकर पूरा विवाद 28 नवंबर को शुरू हुआ, जब दूरसंचार विभाग (DoT) ने सभी मोबाइल फोन निर्माताओं को एक आदेश जारी किया था। इसमें कंपनियों को भारत में बेचे जाने वाले सभी नए मोबाइल फोन के साथ-साथ मौजूदा हैंडसेटों में सॉफ्टवेयर अपडेट के जरिए एप इंस्टॉल करना कंपलसरी कर दिया था।

### मुंबई में फ्लाइट की इमरजेंसी लैंडिंग

**हैदराबाद.** हैदराबाद से कुवैत जा रही इंडिगो की फ्लाइट की मुंबई में इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई है. बताया जा रहा है कि फ्लाइट में 'बम' की धमकी भरा ईमेल मिला था, जिसके बाद सुरक्षा एजेंसियों ने तत्काल कार्रवाई करते हुए फ्लाइट की मुंबई में इमरजेंसी लैंडिंग करा ली. सुरक्षा एजेंसियां मामले की जांच कर रही हैं. विमान को एयरपोर्ट के आइसोलेशन बे में भेज दिया है. प्राप्त जानकारी के अनुसार, मंगलवार सुबह इंडिगो की एक फ्लाइट ने हैदराबाद के राजीव गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट से कुवैत के लिए उड़ान भरी थी. फ्लाइट के उड़ान भरने के बाद हैदराबाद एयरपोर्ट को एक धमकी भरा ईमेल मिला था, जिसमें विमान में बम होने की धमकी थी.

# 'आज कल जज ज्यादा बोलने लगे हैं'

- **CJI की रोहिंग्या वाली बात पर बोले TMC सांसद**

**नई दिल्ली.** CJI यानी भारत के मुख्य न्यायाधीश सूर्य कांत की टिप्पणी पर टीएमसी सांसद कल्याण बनर्जी की प्रतिक्रिया ने विवाद खड़ा कर दिया है। उन्होंने कहा है कि पहले जज कम बात करते थे और फैसला सुनाते थे। दरअसल, उनकी यह टिप्पणी सुप्रीम कोर्ट के रोहिंग्या मामले में सुनवाई के बाद आई है। टीएमसी सांसद के बयान पर भारतीय जनता पार्टी ने आपत्ति जताई है।

बनर्जी ने कहा, 'उनकी टिप्पणी का जवाब देना हमारा शोभा नहीं



मिलता है। वह चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया हैं। लेकिन हम एक बात बोलें कि जो सब जांच को कोई लूज कमेंट नहीं करना चाहिए। पहले जो थी हमारी भारतीय न्यायपालिका में जज लोग कम बात करते थे और जजमेंट को जो बोलना है, वो बोलते थे। आजकल जज लोग ज्यादा बात करते हैं टीआरपी बढ़ाने के लिए। जजमेंट नहीं देते हैं।'

### भाजपा का विरोध

भाजपा प्रवक्ता शहजाद पूनावाला न कहा, 'तृणमूल ने सभी सीमाएं पार कर दी हैं। जब सीजेआई ने कहा कि रोहिंग्याओं के लिए रेड कार्पेट नहीं बिछाया जा सकता... तो इसपर टीएमसी सुप्रीम कोर्ट पर भी हमला बोल रही है। ममता बनर्जी 2005 से इसका समर्थन कर रही हैं। अब कल्याण बनर्जी ने कहा है कि चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया की टिप्पणी लूज कमेंट थी... टीआरपी के लिए थी।'

उन्होंने कहा, 'यह टीआरपी के लिए नहीं, बल्कि आपके वीआरपी यानी वोट बैंक रेटिंग पॉइंट के लिए थी।' उन्होंने कहा, 'कल्याण बनर्जी वही व्यक्ति हैं, जिन्होंने भारत के पूर्व उपराष्ट्रपति की मिमिक्री की थी और पद का मजाक बनाया था...। यह वही तृणमूल है जिसने कहा था कि चुनाव आयोग अगर एसआईआर कराता है, तो चुनाव आयोग को परिणामों का सामना करना पड़ेगा।'

### क्या बोला सुप्रीम कोर्ट

मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट ने भारत में रह रहे रोहिंग्या के कानूनी दर्जे पर मंगलवार को तीखा सवाल किया और पूछा कि क्या 'घुसपैठियों' के स्वागत के लिए 'रेड कार्पेट' बिछाना चाहिए जबकि देश के अपने नागरिक गरीबी से जूझ रहे हैं।

# विराट कोहली ने वनडे में जड़ा 53वां शतक



- **रांची के बाद रायपुर में भी मचाया धमाल**

भारतीय टीम के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने बुधवार को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दमदार शतक लगाया। विराट कोहली ने रायपुर में खेले जा रहे वनडे में 90 गेंद में 100 रन पूरे किए। विराट कोहली ने तीन मैचों की वनडे सीरीज में लगाातार दूसरे मुकाबले में शतक जड़ा है। वह दूसरे मैच में 90 गेंद में सात चौके और दो छक्के की मदद से शतक तक पहुंचे। इससे पहले रांची में हुए मुकाबले में विराट कोहली ने 120 गेंद में 135 रन की पारी खेली थी। कोहली ने इस दौरान सचिन तेंदुलकर का रिकॉर्ड भी तोड़ा था। वह किसी एक फॉर्मेट में 51 से ज्यादा शतक लगाने वाले दुनिया के पहले बल्लेबाज बने थे।

रायपुर में दूसरे वनडे में विराट कोहली ने 86 गेंद में सात चौके और दो छक्के की मदद से 100 रन पूरे किए। इससे पहले ऋतुराज गायकवाड़ ने भी शतक लगाया है। गायकवाड़ ने 77 गेंद में अपना पहला वनडे शतक लगाया। विराट कोहली ने 38वें ओवर की आखिरी गेंद पर एक रन लेकर वनडे में 53वां वनडे शतक जड़ा। कोहली ने रायपुर वनडे में जायसवाल के साथ 22 रन जोड़े। वहीं शतकवीर ऋतुराज गायकवाड़ के साथ तीसरे विकेट के लिए 156 गेंद में 195 रन की साझेदारी की।

कोहली 93 गेंद में 102 रन बनाकर आउट हुए। भारतीय पारी के 40वें ओवर में कोहली लुंगी एनगिडी के ओवर में बड़ा शॉट लगाने के प्रयास में कैच आउट हुए। कोहली ने अपनी पारी में सात चौके और दो छक्के लगाए। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पिछली तीनों पारियों में कोहली ने शतक लगाया है। उन्होंने विश्व कप 2023 में शतक ठोका था। इसके बाद रांची और फिर रायपुर में 100 रन पूरे किए।

# 'मुस्लिमों को मथुरा-ज्ञानवापी पर दावा छोड़ना चाहिए'

- **ये हिंदुओं के लिए मक्का-मदीना जैसे**
- **ASI के पूर्व अधिकारी की हिंदुओं को भी सलाह**

**नई दिल्ली.** इंडिया आर्कियोलॉजिकल सर्वे (ASI) के पूर्व रीजनल डायरेक्टर केके मुहम्मद ने कहा है कि मुसलमानों को दो और ऐतिहासिक जगहें छोड़ देनी चाहिए जो मंदिर भी हैं। पहली- मथुरा जो भगवान कृष्ण का जन्मस्थान है। दूसरी- ज्ञानवापी जो भगवान शिव से जुड़ी है।

न्यूज एजेंसी ANI से बात करते



हुए केके मुहम्मद ने कहा कि ये जगहें मुसलमानों को हिंदू समुदाय को भव्य हिंदू मंदिर बनाने के लिए सौंप देनी चाहिए। मथुरा-काशी हिंदुओं के लिए उतने ही महत्वपूर्ण हैं जितने मक्का और मदीना मुसलमानों के लिए हैं।

हालांकि उन्होंने यह सुझाव भी दिया कि हिंदू समुदाय को अयोध्या, वाराणसी और मथुरा के अलावा हर मस्जिद के पीछे नहीं जाना चाहिए। दोनों समुदायों के नेतृत्व को कुछ शर्तों पर सहमत होना चाहिए।

केके भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (ASI) के नॉर्थ जोन के रीजनल डायरेक्टर के तौर पर 2012 में रिटायर हो चुके हैं। वे 1976 में बीबी लाल की उस टीम का हिस्सा थे, जिसने बाबरी मस्जिद की खुदाई की थी।

### कम्युनिस्ट इतिहासकार मुसलमानों के दिमाग में जहर भर देंगे केके का दावा-

केके ने कहा कि आपको कम्युनिस्ट इतिहासकारों से इन सब बातों पर बात नहीं करनी चाहिए क्योंकि पहले के मामले में भी इरफान हबीब जैसे कम्युनिस्ट इतिहासकारों और JNU के कुछ लोगों ने ही इस मुद्दे को उलझाया था। मुस्लिम समुदाय का एक हिस्सा राम जन्मभूमि सौंपने के लिए भी तैयार था. इसलिए, हमें इन कम्युनिस्ट इतिहासकारों को नहीं लाना चाहिए, वे इस मुद्दे को उलझा देंगे और मुसलमानों के दिमाग में जहर भर देंगे।

# भाजपा ने सोनिया गांधी नाम की महिला को उम्मीदवार बनाया

- **केरल में पंचायत चुनाव लड़ेंगी**
- **पिता ने कांग्रेस नेता से प्रभावित होकर नाम रखा था**

**मुन्नार.** केरल के मुन्नार का पंचायत चुनाव चर्चा में है। इसकी वजह है कि यहां के नल्लत्थानी वार्ड से बीजेपी की उम्मीदवार का नाम सोनिया गांधी हैं। यह नाम भले कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष जैसा हो, लेकिन दोनों का आपस में कोई संबंध नहीं है।

34 साल की सोनिया गांधी मुन्नार की ही रहने वाली हैं। उनके पिता ने कांग्रेस नेता सोनिया गांधी के नाम पर बेटी का नाम रखा था। फिर बेटी की शादी भाजपा नेता से की। अब भाजपा ने सोनिया को वार्ड मेंबर का उम्मीदवार बनाया है।

केरल में स्थानीय निकाय के चुनाव दो फेज में है। इसके लिए वोटिंग 9 और 11 दिसंबर को होगी। नतीजे 13 दिसंबर को घोषित किए जाएंगे।



### पिता ने कांग्रेस नेता से प्रभावित होकर नाम रखा

सोनिया का जन्म 1991 में कांग्रेस समर्थक और स्थानीय मजदूर दुरे राज के घर हुआ था। दुरे राज कांग्रेस नेता सोनिया गांधी से प्रभावित थे, इसलिए उन्होंने अपनी बेटी को भी वही नाम दे दिया। सोनिया की शादी बीजेपी नेता और पंचायत के जनरल सेक्रेटरी सुभाष से हुई। शादी के बाद सोनिया भी सक्रिय रूप से BJP की राजनीति से जुड़ गईं। सोनिया ने अपने पति और BJP कार्यकर्ता सुभाष के पदचिन्हों पर चलते हुए राजनीति में कदम रखा है। सुभाष फिलहाल पंचायत के जनरल सेक्रेटरी हैं.

# रेवंत बोले- हिंदुओं के इतने देवता क्यों?

- **हनुमान कुंवारों के भगवान, 2 शादी करने वालों के देवता अलग**
- **BJP बोली- रेवंत माफी मांगें**

**हैदराबाद.** तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने मंगलवार को हैदराबाद स्थित गांधी भवन में तेलंगाना प्रदेश कांग्रेस कमेटी (TPCC) की कार्यकारिणी की बैठक को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा- कांग्रेस 140 सालों से इसलिए बची हुई है क्योंकि पार्टी में स्वतंत्रता है।

तेलंगाना CM ने कहा- जिस



तरह लोग अलग-अलग देवताओं की पूजा करते हैं, उसी तरह कांग्रेस भी अलग-अलग मानसिकता वाले लोगों को अपने साथ जोड़ता है। रेड्डी ने कहा- हिंदू धर्म में कितने भगवान हैं? तीन करोड़। एक व्यक्ति भगवान वेंकटेश्वर को प्रणाम करता है, तो कोई शिव का अनुयायी है।

मुख्यमंत्री ने आगे कहा- जो अविवाहित हैं, उनके लिए भगवान हनुमान हैं। जो दो बार शादी करते हैं, उनके भगवान अलग हैं। जो शराब पीते हैं, उनके लिए एक और भगवान हैं। येल्लम्मा, पोचम्मा, मैसम्मा। मुर्गा खाने वाले लोगों के अलग भगवान हैं। दाल-चावल खाने वालों के एक और भगवान हैं।

मुख्यमंत्री की यह टिप्पणी नए डिस्ट्रिक्ट कांग्रेस कमेटी (DCC) प्रमुखों की नियुक्ति को लेकर कांग्रेस के भीतर टकराव की खबरों के बीच आई है। विपक्ष ने CM रेड्डी की टिप्पणी को हिंदुओं की आस्था पर चोट बताया और माफी की मांग की है। विपक्ष का आरोप है कि CM ने हिंदू समुदाय को शर्मिंदा किया है।

### सुप्रीम कोर्ट बोला- बांग्लादेश डिपोर्ट की गई गर्भवती को वापस लाएं

**नई दिल्ली.** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को केंद्र सरकार से कहा कि वह नौ महीने की गर्भवती सुनाली खातून और उसके 8 साल के बच्चे को बांग्लादेश से वापस लाए। अदालत ने कहा कि कानून को कभी-कभी इंसानियत के आगे झुकना होता है। यह फैसला उस याचिका पर सुनवाई के दौरान आया, जिसमें बांग्लादेश डिपोर्ट किए गए परिवार को वापस भारत लाने की मांग की गई थी। चीफ जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की बेंच मामले की सुनवाई कर रही थी। सुनवाई के दौरान केंद्र सरकार की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कोर्ट को बताया- सरकार सोनाली और उनके बेटे को भारत आने देगी।

# एनकाउंटर में 12 नक्सली ढेर

**छत्तीसगढ़.** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में सुरक्षा बलों की बड़ी कार्रवाई सामने आई है। सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में 12 नक्सली मारे गए हैं। बस्तर के IG पी. सुंदरराज ने बताया कि CRPF और CoBRA टीमों का संयुक्त ऑपरेशन बीजापुर-दंतेवाड़ा सीमा पर वेस्ट बस्तर डिवीजन एरिया में हुआ। नक्सलियों के साथ मुठभेड़ में 3 जवान शहीद हो गए जबकि 1 अन्य घायल हो गया। सुरक्षा बलों की एक जॉइंट टीम नक्सलियों के खिलाफ ऑपरेशन पर निकली थी। जंगल में सुबह के वक्त नक्सलियों ने गोलीबारी शुरू कर दी। फिर सुरक्षा बल के जवानों ने भी मोर्चा संभाल लिया।

## संक्षेप...

### पुरानी रंजिश में युवती की उंगली काटी

**भिवंडी.** भिवंडी कामतघर क्षेत्र के भाग्य नगर में दो पड़ोसी महिलाओं के बीच पुराने विवाद ने गंभीर रूप ले लिया। गुस्से में आकर एक महिला ने पड़ोस में रहने वाली युवती की उंगली दांत से काटकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। पुलिस के अनुसार, घायल प्रियंका शंकर सागर (27) और आरोपी अनीता उर्फ विजू संजय मेस्त्री (53) एक ही इमारत में महादेव किराना स्टोर के ऊपर एक-दूसरे के बगल में रहती हैं। दोनों के बीच कुछ दिनों पहले भी झगड़ा हुआ था। घटना 1 दिसंबर की सुबह करीब 10:30 बजे हुई. अनीता ने पहले प्रियंका को गालीगलौज की और धक्का दे दिया। जब प्रियंका ने इसका विरोध किया तो अनीता ने उसका दाहिना हाथ पकड़कर उसकी तर्जनी उंगली दांत से काट ली। हमले में प्रियंका गंभीर रूप से घायल हो गई।

# देवेंद्र फडणवीस और संजय राउत की तस्वीर ने मचाई सियासी खलबली

**मुंबई.** मुंबई में मंगलवार (2 दिसंबर) को हुए एक पारिवारिक समारोह के दौरान महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और शिवसेना (उद्धव गुट) के सांसद संजय राउत की मुलाकात चर्चा का विषय बन गई. यह मुलाकात राउत के समधी राजेश नार्वेकर के बेटे के विवाह समारोह में हुई, जहां दोनों नेताओं ने एक-दूसरे का अभिवादन किया और थोड़ी देर बातचीत भी की.

राजेश नार्वेकर के बेटे की शादी में कई नामी चेहरे शामिल हुए. इनमें मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, भाजपा नेता आशीष शेलार समेत अन्य वरिष्ठ नेता भी नजर आए. समारोह के दौरान संजय राउत और देवेंद्र फडणवीस की मुलाक़ात स्वाभाविक रूप से हुई, लेकिन कुछ तस्वीरों के सामने आते ही यह



मुलाकात राजनीतिक गलियारों में चर्चा का विषय बन गई.

### फडणवीस ने राउत की सेहत के बारे में पूछा हाल

मुलाकात के दौरान सीएम फडणवीस ने सबसे पहले संजय राउत की तबीयत के बारे में जानकारी ली. कुछ दिन पहले संजय राउत ने सोशल मीडिया पर बताया था कि उन्हें एक गंभीर बीमारी का पता चला है. डॉक्टरों ने उन्हें सख्त आराम और कम से कम सार्वजनिक कार्यक्रमों से दूरी बनाने की सलाह दी थी.

बीमारी के बाद संजय राउत ने खुद कहा था कि वे कुछ समय के लिए सार्वजनिक जीवन से दूर रहेंगे, लेकिन उम्मीद से तेजी से स्वास्थ्य लाभ होने के कारण हाल के दिनों में वे सीमित कार्यक्रमों में उपस्थित होने लगे हैं. विवाह समारोह में उनकी मौजूदगी भी इसी सिलसिले का हिस्सा थी.

### राजनीति से हटकर मेल-मुलाकात

हालांकि यह मुलाकात पूरी तरह एक पारिवारिक कार्यक्रम के दौरान हुई, लेकिन दोनों नेताओं को एक साथ देखकर राजनीतिक अटकलें लगना स्वाभाविक है. शिवसेना (UBT) और भाजपा के बीच चल रहे सियासी तनाव के बीच ऐसी मुलाक़ातें अक्सर सुर्खियों में आ जाती हैं.

फिर भी यह मुलाक़ात सिर्फ शिष्टाचार तक सीमित रही. दोनों नेताओं की बातचीत भी स्वास्थ्य और सामान्य हालचाल पर आधारित थी.

# कैंसर फैलाने वाली इंडोनेशियाई सुपारी रैकेट का भंडाफोड़, जब्त किए गए 11 ट्रक

**रायगढ़.** महाराष्ट्र के रायगढ़ में सीजीएसटी विभाग ने इंडोनेशियाई सुपारी के एक बड़े रैकेट का भंडाफोड़ किया है. इस सुपारी को भारत में कैंसर के खतरे के कारण प्रतिबंधित किया गया है. जब्त की गई सुपारी की मात्रा रैकेट की व्यापकता का सिर्फ एक छोटा-सा हिस्सा हो सकती है, जिससे देश में कैंसर महामारी फैलने का खतरा है. केंद्रीय वस्तु एवं सेवा कर (CGST) विभाग ने पिछले हफ्ते इस रैकेट का भंडाफोड़ किया. इसमें इंडोनेशिया से घटिया सुपारी की तस्करी सड़क और रेल मार्ग से ट्रकों के जरिए की जा रही थी. कैंसर के खतरे की वजह से भारत में इस सुपारी का उपयोग प्रतिबंधित है.

कोलाड पहुंचने पर 11 ट्रक जब्त किए गए हैं, जिनको रेलगाड़ी के डिब्बों से लाया गया था, जिनमें कैंसरकारी सामग्री से पॉलिश की गई घटिया सुपारी थी. अधिकारियों का कहना है कि अगर इतनी बड़ी मात्रा में कैंसर पैदा करने वाली घटिया सुपारी जमीनी स्तर तक पहुंचती है, तो देश में कैंसर महामारी फैल सकती है.



### तस्करी और टैक्स चोरी का जाल

सीजीएसटी विभाग, रैकेट के सरगनाओं द्वारा सैकड़ों करोड़ रुपये की जीएसटी चोरी की जांच कर रहा है. सूत्रों के मुताबिक, जब्त किए गए 11 ट्रक सिर्फ हिमखंड का सिरा हैं, क्योंकि पिछले एक महीने में सैकड़ों ट्रक ऐसी ही कैंसरकारी सुपारी लेकर दिल्ली स्थित प्रमुख वितरक 'कृष्णा ट्रेडर्स' तक पहुंच चुके थे. इस रैकेट के पीछे केरल के कासरगोड से कादर खान और कर्नाटक के मंगलूरु से समीर खान का नाम सामने आया है. रैकेट के सरगना फर्जी जीएसटी पंजीकरण और जाली बिलों का उपयोग करके करोड़ों रुपये के टैक्स की चोरी कर रहे थे.

### गरीब लोगों के जीएसटी नंबर का इस्तेमाल

इस तस्करी के लिए जिन दो सप्लायरों के जीएसटी नंबरों का इस्तेमाल किया गया, वे कर्नाटक के हासन से NN ट्रेडर्स और दक्षिणा कन्नड़ से SRS ट्रेडर्स हैं. सूत्रों के मुताबिक, इन दोनों फर्मों के मालिक ऐसे व्यक्ति हैं, जो छोटे-मोटे काम करते हैं और गरीबी रेखा से नीचे हैं, और ये डमी डायरेक्टर हो सकते हैं. सीजीएसटी अधिकारियों को पिछले महीने के ई-वे बिलों के विवरण मिले हैं, जिससे भारतीय खजाने को सैकड़ों करोड़ रुपये के टैक्स का नुकसान हुआ है.
रायगढ़ में सीजीएसटी विभाग द्वारा 26 नवंबर को 300 टन वजन वाली 11 ट्रकों को जब्त किया गया. इनकी अनुमानित कीमत 20 से 25 करोड़ रुपये के बीच हो सकती है. इस बीच, महाराष्ट्र खाद्य एवं औषधि प्रशासन (FDA) ने भी खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम (FSS), 2006 के तहत मामले की जांच शुरू कर दी है.

# फ्लाईओवर और दीवारों की पेंटिंग का टेंडर रद्द हो

- ग्रीन इंडिया सर्विस प्राइवेट लिमिटेड खिलाफ कार्रवाई की मांग

**भिवंडी.** स्वच्छ भारत अभियान-2.0 के तहत, भिवंडी निज़ामपुर शहर महानगरपालिका इलाके में ग्रीन इंडिया सर्विस प्राइवेट लिमिटेड कंपनी को 2 करोड़ रुपये के फंड से पर्यावरण, शिक्षा और दूसरी संबंधित सार्वजनिक प्रचार-प्रसार करने के मकसद से टेंडर दिया गया है. उक्त कंपनी के लिए शहर में फ्लाईओवर, सार्वजनिक दीवारों और दूसरी जगहों पर पेंटिंग



करना और उन पर लोगों में जागरूकता, पर्यावरण, शिक्षा फैलाने के लिए सरकार द्वारा जारी पोस्टर, तस्वीरें, मैसेज और संदेश लिखना ज़रूरी है.

समाजसेवी परमेश्वर संपतराव अंभोरे ने मनपा आयुक्त अनमोल सागर को लिखित पत्र में आरोप लगाया है कि उक्त कंपनी ने फ्लाईओवर और दूसरी जगहों की दीवारों पर जो काम शुरू किया है, वह पूरी तरह से बोगस/फर्जी/घटिया, गैर-कानूनी और गलत है. जिन दीवारों की कई सालों से सफाई नहीं हुई थी, उन्हें पानी से साफ करना, दीवारों पर लगे प्लास्टर और दूसरे काम को हटाना और इलाके को पूरी तरह से धूल-मुक्त बनाना ज़रूरी था. दीवारों को ऐसे पेंट से पेंट करना ज़रूरी था जो पर्यावरण के अनुकूल, तकनीकी रूप से बेहतरीन, मौसम के बदलावों में टिकाऊ और सबसे अच्छी क्वालिटी के हों.पेंट के लिए मनपा के कंस्ट्रक्शन डिपार्टमेंट और टेक्निकल और मैकेनिकल डिपार्टमेंट से मंज़ूरी लेना और उनसे नियमों के अनुसार पेंट की मंज़ूरी लेना ज़रूरी था.

आरोप है कि भ्रष्टाचार में लिप्त ग्रीन इंडिया सर्विस प्राइवेट लिमिटेड ने भिवंडी में फ्लाईओवर और पब्लिक दीवारों को खराब क्वालिटी के पेंट से पेंट करना शुरू कर दिया है, जो पर्यावरण के लिए कदापि सही नहीं और तकनीकी रूप से गैर-कानूनी है. घटिया और गैर-कानूनी काम की वजह से, स्वच्छ भारत मिशन के तहत राज्य सरकार और केंद्र सरकार का तय काम नहीं हो पा रहा है.पेंटिंग काम में भ्रष्टाचार और पैसे की बर्बादी हो रही है.ठेकेदार कंपनी नियमों को ताक पर रखकर मनपा खजाने को करोड़ों रुपए का चूना लगा रही है. समाजसेवी अंभोरे ने ग्रीन इंडिया सर्विस प्राइवेट लिमिटेड को दिया गया टेंडर तुरंत कैंसल किए जाने और फर्जी काम करने के लिए कंपनी के खिलाफ तुरंत एक्शन लेने की मांग मनपा आयुक्त अनमोल सागर से की है.

### स्पा की आड़ में देह व्यापार का भंडाफोड़

**नवी मुंबई.** पुलिस ने एक स्पा की आड़ में संचालित देह व्यापार गिरोह का भंडाफोड़ किया और कथित तौर पर वेश्यावृत्ति में धकेली गईं छह महिलाओं को मुक्त कराया। अधिकारियों ने बताया कि स्पा की प्रबंधक एक महिला है, उसे गिरफ्तार कर लिया गया है। अवैध गतिविधियों की सूचना के आधार पर पुलिस ने सोमवार को वाशी के जुहूगांव इलाके में स्थित स्पा पर छापा मारा था।

### ठाणे यातायात विभाग का रोड सेफ्टी कैंपेन

# स्कूलों में चलाया जाएगा जागरूकता अभियान




**ठाणे.** यातायात पुलिस विभाग ने बढ़ते एक्सीडेंट को रोकने और यातायात नियमों का सख्ती से पालन सुनिश्चित करने के मकसद से चलाए जा रहे रोड सेफ्टी कैंपेन के लिए 'एक कदम आगे' बढ़ाया है। नए साल में 26 जनवरी से 31 जनवरी, 2026 तक होने वाले रोड सेफ्टी कैंपेन में ठाणे के स्कूलों को शामिल किया गया है।इस संबंध में, ठाणे ट्रांसपोर्ट डिपार्टमेंट की ओर से RSP के अलग-अलग डिपार्टमेंट के स्टूडेंट्स के लिए कई कॉम्पिटिशन आयोजित किए गए हैं और इन कॉम्पिटिशन के पहले तीन विजेताओं को सर्टिफिकेट और इनाम देकर सम्मानित किया जाएगा। यह जानकारी ठाणे यातायात पुलिस विभाग की ओर से दी गई।

ठाणे पुलिस आयुक्त आशुतोष डुंबरे के निर्देश पर,अतिरिक्त पुलिस आयुक्त ज्ञानेश्वर चव्हाण के गाइडेंस में, आने वाले रोड सेफ्टी कैंपेन 2026 के सिलसिले में,ठाणे यातायात पुलिस विभाग ठाणे के स्कूलों के प्रिंसिपल और RSP टीचर्स की मौजूदगी में एक मीटिंग हुई। मीटिंग में यातायात पुलिस उपायुक्त पंकज शिरसाट, डिस्ट्रिक्ट RSP कोऑर्डिनेटर मणिलाल शिम्पी, जितेंद्र सोनवणे, दिगंबर बेंडाले और विनोद शेलकर और माणिक पाटिल के साथ-साथ स्कूलों के प्रिंसिपल और टीचर्स भी शामिल हुए।

इस मौके पर, सभी स्कूलों में यातायात के बारे में अवेयरनेस लाने और स्टूडेंट्स में यातायात को लेकर डिसिप्लिन लाने के लिए, ठाणे यातायात विभाग ने RSP स्टूडेंट्स के लिए डिपार्टमेंट के हिसाब से कॉम्पिटिशन रखे हैं। इसमें, फ्यूचर ट्रांसपोर्टेशन प्लानिंग के टॉपिक पर हर स्कूल के स्टूडेंट्स के क्रिएटिव प्रोजेक्ट्स को बढ़ावा देने के लिए एक कॉम्पिटिशन होगा और हर स्कूल से दो बेस्ट प्रोजेक्ट्स चुने जाएंगे। इस क्रिएटिव कॉम्पिटिशन के साथ-साथ, दूसरे कई कॉम्पिटिशन और परेड जुलूस में पहले तीन (पहली, दूसरी, तीसरी) जगह पाने वाली टीमों को इनाम और सर्टिफिकेट दिए जाएंगे।

# बुर्का उतारो या नाम कटवा लो!

- मुंबई के जूनियर कॉलेज में बुर्का बैन
- नए ड्रेस कोड से बढ़ा विवाद

**मुंबई.** मुंबई के गोरेगांव में विवेक विद्यालय जूनियर कॉलेज एक नए ड्रेस कोड को लागू करने के बाद विवाद खड़ा हो गया। इस नए ड्रेस कोड के तहत छात्राओं को क्लास के अंदर बुर्का पहनने पर रोक लगा दी गई है। इस बदलाव ने कई लोगों को चौंका दिया है, क्योंकि सालों से कॉलेज में बुर्के पर कोई बैन नहीं था। मुंबई के कॉलेज अक्सर रिप्ड जींस, शॉर्ट्स या क्रॉप टॉप जैसे पहनावे पर रोक लगाते आए हैं, लेकिन इस संस्थान ने अब बुर्का जैसे धार्मिक पहनावे को भी इस लिस्ट में शामिल कर लिया है।

इसके पीछे तर्क है कि छात्रों को ऐसे किसी भी पहनावे या



कपड़े से बचना चाहिए, जो कॉलेज या स्कूल में धर्म या सांस्कृतिक असमानता को दर्शाए। हालांकि, हिजाब और हेडस्कार्फ की अनुमति जारी रहेगी।

लोकल न्यूज पोर्टल गैलीन्यूज की तरफ से शेयर किए गए एक वीडियो के X पर वायरल होने के बाद विवाद बढ़ गया, जिसमें बुर्का पहने छात्राओं को कॉलेज के गेट पर रोका जा रहा है।एक छात्रा इस घटना के बारे में बताती है, और बाद में क्लिप में छात्रों के ग्रुप को प्रिंसिपल से मिलते हुए दिखाया गया है, जो नियम वापस लेने के उनके अनुरोध को नहीं मानने पर अड़ी हुई दिखाई देती हैं।

कई छात्राओं ने बताया कि अब वे बुर्का पहनकर कैंपस आती हैं, क्लास से पहले वॉशरूम में अपने सामान्य कपड़े पहनती हैं और बाद में फिर से बुर्का पहन लेती हैं। मिड-डे के हवाले से, FYJC की एक छात्रा ने कहा, ₹मैंने जिंदगी भर बुर्का पहना है। बिना बुर्के के क्लास में बैठना असहज लगता है।₹

बड़ी बात यह है कि यह बैन केवल जूनियर कॉलेज सेक्शन पर लागू होता है; सीनियर कॉलेज पर ऐसा कोई प्रतिबंध नहीं है। इस फैसले पर सवाल उठाने वाले छात्रों ने दावा किया कि उनसे कहा गया कि अगर वे इस नीति से असहमत हैं, तो वे कॉलेज से अपना नाम कटवा सकते हैं।

1 दिसंबर को, प्रभावित छात्रों का एक समूह AIMIM की वकील जहांआरा शेख के साथ गोरेगांव पश्चिम के तीन डोंगरी पुलिस स्टेशन भी गया। प्रिंसिपल को बातचीत के लिए बुलाया गया। शेख ने पुष्टि की कि अभी तक कोई कानूनी कार्रवाई नहीं की गई है। कॉलेज मैनेजमेंट ने अभी तक इस मामले में कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया है।

# अंबरनाथ फातिमा चर्च, सुभाषवाड़ी परिसर में पानी के लिए परेशानी



- 5 दिसंबर को आंदोलन की धमकी

**अंबरनाथ.** इस चुनाव के समय में भी अंबरनाथ में पानी एक दिन बाद दिए जाने के कारण शहरवासी रोष में हैं और चुनाव में भी आंदोलन किए जाने का निवेदन मजीप्रा के अधिकारियों को दिया जा रहा है.

शहर पश्चिम के फातिमा चर्च के पीछे, फातिमा कालोनी परिसर, साउथ इंडियन स्कूल के समक्ष, काव्या, लंबोदर डॉली विला, ओम साई सलोम अपार्टमेंट व अन्य परिसर में एक दिन बाद और कम दबाव से जलापूर्ति की जा रही है. सुभाषवाड़ी वांद्रा पाड़ा में रात 10.30 बजे के बाद मजीप्रा द्वारा पानी दिया जा रहा है. शिवसेना के विकास हेमराज सोमेश्वर ने मजीप्रा के कार्यकारी अभियंता को पत्र देकर मांग की है कि उपरोक्त परिसर में रोजाना पानी दिया जाए. इस समस्या का हल जल्द निकाला जाए, नहीं तो मजीप्रा कार्यालय के समक्ष 5 दिसंबर को धरने आंदोलन किए जाएंगे.

परिसर के लोगों ने बताया कि वह कई दिनों से पानी के लिए परेशान हैं और मजीप्रा के अधिकारियों के कान पर जूं तक नहीं रेंगती है. वह सभी विकास सोमेश्वर के नेतृत्व में आंदोलन के लिए तैयार हैं. मजीप्रा यहां के निवासियों की इस गंभीर समस्या का हल जल्द निकालेगी ऐसी आशा की जा रही है.

# श्रद्धा कपूर ने राहुल मोदी को हाथों से खिलाई जापानी डिश

बॉलीवुड एक्ट्रेस श्रद्धा कपूर और उनके कथित बॉयफ्रेंड राहुल मोदी के बीच एक प्यार भरे पल का वायरल हो रहा है। इस वीडियो में फैंस को उनकी केमिस्ट्री की प्यारी सी झलक मिल रही है। दोनों को मुंबई में बॉम्बे कॉफी फेस्टिवल में देखा गया, जहां खाने की शौकीन श्रद्धा ने एक स्टॉल पर 'जापानी मोची' का स्वाद चखा। उन्होंने इस डिश को राहुल को भी अपने हाथों से खिलाया। भीड़ के बावजूद दोनों बिना हिचकिचाए अपने इस पल को इंजॉय करते हुए नजर आए।

इस वीडियो में देख सकते हैं कि श्रद्धा कपूर और राहुल मोदी को अपने बीच पाकर फैंस काफी एक्साइटेड थे। वो जिस स्टॉल पर रुकी थीं, वहां काफी भीड़ इकट्ठा हो गई। वो और राहुल मोदी दोनों कॉफी इंजॉय कर रहे थे। फिर श्रद्धा ने 'जापानी मोची' का स्वाद चखा और वो इतना टेस्टी था कि वो हैरान रह गईं।

श्रद्धा ने अपने हाथों से राहुल मोदी को भी 'मोची' खिलाया। इनका ये प्यार भरा वीडियो वायरल हो रहा है। फैंस इनकी केमिस्ट्री देख खुश हो रहे हैं।

### 2023 से कर रहे हैं डेटिंग

श्रद्धा कपूर और राहुल मोदी के डेटिंग की खबरें पहली बार 2024 में सामने आईं। इससे एक साल पहले दोनों को डिनर डेट पर देखा गया था। पर 19 जून 2024 को जब श्रद्धा ने राहुल की फोटो शेयर की, तब इनके रिश्ते पर मुहर लगी। पर अभी तक दोनों ने अपने रिलेशनशिप का ऑफिशियली ऐलान नहीं किया है।



# 671 ई-बाइक चलाने वालों पर केस दर्ज

- 517 ई-बाइक जब्त

**मुंबई.** मुंबई ट्रैफिक पुलिस ने तीन दिनों में 671 ई-बाइक चलाने वालों पर केस दर्ज कर 517 ई-बाइक को जब्त किया है। यह कार्रवाई 27, 28 और 29 नवंबर को चलाए गए थे। ट्रैफिक पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी संदीप पाटिल ने बताया कि अभियान के दौरान प्रादेशिक परिवहन विभाग से रजिस्टर्ड हुए बिना ही अनाधिकृत तरीके से कई ई-बाईक चालक डिलिवरी बॉय का काम करते हुए पाए गए। ई-बाइक चालकों द्वारा निर्धारित मात्रा से अधिक माल की



लोडिंग, उलटे दिशा में ई-बाइक चलाना, सिग्नल जंप करना, नशा कर वाहन चलाना, शोर मचाते हुए तेज गति से ई-बाइक चलाना और फुटपाथों पर ई-बाइक चलाना समेत ट्रैफिक नियमों का पालन नहीं करने के आरोप लगे हैं। ट्रैफिक पुलिस ने इन विभिन्न आरोपों में ई-बाइक चालकों के खिलाफ 671 केस दर्ज कराए हैं।

### ई-बाइक चालकों पर कार्रवाई

| तारीख | केस | जब्त बाईक |
|---|---|---|
| 27 नवंबर | 83 | 77 |
| 28 नवंबर | 312 | 230 |
| 29 नवंबर | 273 | 210 |
| कुल केस | 671 | 517 |

### ई-बाइक का लाइसेंस-पंजीकरण नियमः

यदि ई-बाइक की मोटर 250 वाट से अधिक शक्तिशाली है, तो ड्राइविंग लाइसेंस की आवश्यकता होती है। इतना ही नहीं 25 किमी प्रति घंटा से अधिक गति है तो ई-बाइक लाइसेंस अनिवार्य है। 250 वाट से अधिक की मोटर वाली ई-बाइक का पंजीकरण कराना अनिवार्य होता है। समता नगर ट्रैफिक पुलिस के सीनियर पीआई जगदीश भोपले कहते हैं कि ई-बाइक वाले दिन-ब-दिन सड़क सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा पैदा कर रहे हैं। अवैध ई-बाइकें न केवल यातायात नियमों का उल्लंघन करते हुए पाए जाते हैं, बल्कि दुर्घटनाओं की वजह भी बन रहे हैं। स्कूली बच्चे और नाबालिग बेधड़क ई-बाइक चलाते हुए पकड़े जाते हैं, जो चिंता का विषय है।




# नालासोपारा में बड़ी मात्रा में ड्रग्स की बरामदगी

- कीमत लगभग 51 लाख 10 हजार रुपए आंकी गई

**नालासोपारा.** अभी की सबसे बड़ी खबर नालासोपारा में बड़ी मात्रा में ड्रग्स की बरामदगी है, जिससे इलाके में हलचल मच गई है। यह घटना नालासोपारा ईस्ट के प्रगति नगर इलाके में तुलिंज पुलिस स्टेशन के अधिकार क्षेत्र में आती है। मिली जानकारी के मुताबिक, क्राइम ब्रांच यूनिट 2 की टीम को एक टिप मिली कि एक अनजान व्यक्ति बड़ी मात्रा में ड्रग्स की तस्करी करने के लिए इलाके में आ रहा है।

इस खुफिया जानकारी के बाद, क्राइम ब्रांच यूनिट 2 की टीम ने जाल बिछाया और सड़क पर नाइजीरियाई व्यक्ति को पकड़ लिया। तलाशी के दौरान, उसके पास से लगभग 255 ग्राम MD (मेफेड्रोन) ड्रग्स बरामद की गईं, जिनकी कुल कीमत लगभग 51 लाख 10 हजार रुपए आंकी गई है।

प्रगति नगर बीट पुलिस चौकी (तुलिंज पुलिस स्टेशन के तहत) से सिर्फ़ 25 मीटर दूर, दिनदहाड़े इतनी बड़ी मात्रा में ड्रग्स की बरामदगी से इलाके में सनसनी और दहशत फैल गई है। फिलहाल, क्राइम ब्रांच यूनिट 3 की टीम ने एक बड़ा ऑपरेशन करते हुए प्रगति नगर इलाके से ड्रग तस्करी के मामले में नाइजीरियाई नागरिक को गिरफ्तार किया है।




यह वृत्तपत्र प्रकाशक, मुद्रक, संपादक **श्री हीरो अशोक बोधा** ने श्री गोपाल प्रेस, ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से छपवाकर ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से प्रकाशित किया. **आर.एन.आई. नं. 43638/85** Email: ulhasvikas@gmail.com संपादकीय-विज्ञापन फोन : 2709099